दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | शुक्रवार 31 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 42 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## पीएम मोदी के महाकुंभ दौरे पर सस्पेंश

### 5 फरवरी को होना था प्रयागराज दौरा



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान के लिए नहीं जाएंगे, बताया जा रहा है कि पीएम मोदी इस दिन (5 फरवरी) के अलावा किसी और दिन महाकुंभ में स्नान के लिए जा सकते हैं। हालांकि, अभी इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 5 फरवरी को प्रयागराज के महाकुंभ में जाने का प्रोग्राम था, लेकिन अब ये कैंसिल हो गया है. सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान के लिए नहीं जाएंगे. बताया जा रहा है कि पीएम मोदी इस दिन (5 फरवरी) के अलावा किसी और दिन महाकुंभ में स्नान के लिए जा सकते हैं. हालांकि, अभी इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, महाकुंभ में भगदड़ के बाद गुरुवार उत्तर प्रदेश सरकार ने धार्मिक समागम के लिए लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। गुरुवार को भी महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए त्रिवेणी संगम और अन्य घाटों पर लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े।

**30 लोगों की मौत :** यूपी सरकार के अनुसार, रात आठ बजे तक 2.06 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। गुरुवार तक 29.64 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को भीड़ का दबाव अपेक्षाकृत कम था।

# पंजाब सीएम भगवंत मान के घर इलेक्शन कमीशन का छापा

**नई दिल्ली।** 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में राजनीति पूरे चरम पर है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर गुरुवार को चुनाव आयोग ने छापा मारा। आयोग की टीम कपूरथला हाउस तलाशी लेने पहुंची।



### चुनाव आयोग ने किया आरोपों से इनकार

वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने कहा कि हमने कोई छापा नहीं मारा। आयोग एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप नहीं करता है। इस कार्रवाई पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिश ने ट्विटर पर लिखा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं, वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं। वाह री भाजपा! दिल्ली वाले 5 तारीख को जवाब देंगे। आप के लिए वोट मांग रहे हैं भगवंत मान बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली में लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वह लंबे समय से दिल्ली में ही डेरा डाले हुए हैं और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं। पैसे बंटने की शिकायत पर पहुंची थी टीम रिटर्निंग ऑफिसर ओ.पी. पांडे ने कहा कि ऐप से शिकायत मिली है कि कपूरथला हाउस से धन वितरण किया जा रहा है।

### पैसे बंटने की शिकायत पर पहुंची थी टीम

रिटर्निंग ऑफिसर ओ.पी. पांडे ने कहा ऐप से शिकायत मिली है कि कपूरथला हाउस से धन वितरण किया जा रहा है। यहां जांच के लिए हमारी फ्लाइंग स्क्वायड टीम आई थी। हमें बताया गया कि हम यहां (कपूरथला हाउस) की जांच कर सकते हैं। कमरों के दरवाजों पर ताले लगे थे...तलाशी नहीं ली जा सकी।

### भाजपा खुलेआम बांट रहे पैसे

पंजाब के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर चुनाव आयोग की रेड पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त दी है। आप नेताओं ने इसे बदले की भावना से प्रेरित कार्रवाई बताया। इस घटना पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया कि आज दिल्ली पुलिस के साथ चुनाव आयोग की टीम दिल्ली में मेरे घर कपूरथला हाउस पर रेड करने पहुंची है।

## दिल्ली में हो रहे चुनाव को देखते हुए राजधानी से सटे हुए 100 मीटर की परिधि में लागू होगी बंदी

### 3 से 5 फरवरी तक शराब लेने में होगी परेशानी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गाजियाबाद में शराब की सभी दुकानें बंद रहने का आदेश जारी किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दिल्ली की सीमा से 100 मीटर की परिधि में स्थित सभी मदिरा की दुकानें 3 फरवरी शाम 6 बजे से 5 फरवरी को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 के तहत यह निर्णय लिया गया है। इस दौरान देसी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, प्रीमियम शॉप और भांग की फुटकर दुकानों के अलावा शराब के थोक विक्रेता, मॉडल शॉप, बार और आर्मी कैंटीन भी बंद रहेंगे।

यह कदम दिल्ली में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अवधि के लिए दुकानदारों को किसी प्रकार का प्रतिफल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन भी यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। यह आदेश उत्तर प्रदेश शासन आबकारी अनुभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप है।

# दिल्ली चुनाव में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का प्रचार

## दिल्ली नतीजों को लेकर आशावान





**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** दिल्ली में विधानसभा का चुनाव है और विधानसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप लगातार बवाना विधानसभा सीट पर अपना योगदान दे रहे हैं। वह लगातार पार्टी के आलाधिकारियों से मिलने के साथ ही जनता और पार्टी के संगठन के साथ काम कर रहे हैं।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व एमएलसी नरेंद्र कश्यप ने गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप बवाना सीट से उम्मीदवार रविंद्र इंद्राज के लिए चुनावी सभाएं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

### दिल्ली विधानसभा का चुनाव परिणाम रहेगा अविश्वसनीय

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि इस बार दिल्ली विधानसभा का चुनाव अविश्वसनीय रहेगा। उन्होंने कहा है कि दिल्ली में जिस तरीके से केजरीवाल का भ्रष्टाचार और उनकी गलत नीतियां जनता के लिए सिरदर्द बन रही हैं, इस बार जनता सबक सिखाएगी और दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विजई होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता इस बार विश्वास जाता रही है।

### दिल्ली चुनाव जीत का दिया भरोसा

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप लगातार दिल्ली चुनाव में एक्टिव हैं। उन्होंने गुरुवार को गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की, तो इस दौरान उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनने वाली है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल इस बार सत्ता से दूर होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार मोदी और भाजपा के साथ रहेगी।

## राजनीति के चाणक्य अतुल गर्ग की चंडीगढ़ से लेकर दिल्ली सियासत में भूमिका

### चंडीगढ़ में जीती मेयर सीट और अब दिल्ली में होनी है उनकी रणनीतिक कौशल परीक्षा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को शब्द मैजिशियन कहा जाता है। वो सियासत के फिजीशियन भी कहे जाते हैं। कहा तो ये जाता है कि वो अपने शब्दों से सामने वाले का इलाज कर देते हैं। उनकी रणनीतिक कौशल को अब भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व भी मान रहा है। संगठन ने उन्हें सांसद होने के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारियां दी हैं। वो राष्ट्रपति के साथ तीन देशों की छह दिवसीय शासकीय यात्रा पर जाते हैं। देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। वो सदस्यता अभियान की समीक्षा वाली कमेटी में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ दायित्व संभालते हैं। उन्हें चंडीगढ़ में चुनावी दायित्व दिये जाते हैं और दिल्ली प्रदेश चुनाव का सहप्रभारी बनाया जाता है।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने खुद को राजनीति के चाणक्य के रूप में साबित किया है। ये उनके लिये एक बड़ी उपलब्धि है कि जिस केंद्र शासित यूनियन टेरेटरी का उन्हें प्रभारी बनाया गया था वहां भाजपा ने जीत हासिल की है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को चंडीगढ़ का भाजपा प्रभारी बनाया गया था और उनके नेतृत्व में जहां भाजपा मेयर सीट पर चुनाव जीती है। अब सबकी नजरें दिल्ली चुनाव पर है। दिल्ली चुनाव में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपनी क्षमता का लोहा मनवाते दिखाई दे रहे हैं। वो यहां डेरा डालकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पार्टी के दिये दायित्व को शिद्दत से निभाने का वादा उनके क्रियाकलाप में दिखाई देता है। दिल्ली चुनाव के लिये उन्होंने अपना ठिकाना ही दिल्ली में शिफ्ट कर लिया। वो दिल्ली में ही प्रवास कर रहे हैं। दिल्ली में ही चुनाव प्रचार कर रहे हैं और प्रदेश सहप्रभारी के रूप में कमान संभाल रहे हैं। दिल्ली चुनाव में भाजपा शानदार प्रदर्शन के साथ आती है तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सिर पर भी इसका सेहरा बंधेगा।

यहां भाजपा अगर सरकार बनाने की स्थिति में आ जाती है तो गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के खाते में भी इस सफलता का क्रेडिट आएगा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली चुनाव के बाद राजनीति के फलक पर कितना स्थान बनाते हैं ये दिल्ली के चुनाव नतीजों के बाद पता चलेगा। बहरहाल लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जिम्मेदारियों से भरी पारी खेल रहे हैं और वो रिजल्ट ओरिएंटिड सांसद के रूप में काम कर रहे हैं।

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों पर जारी है कमिश्नरेट पुलिस की लगाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। बीते लगभग एक महीने से प्रतिदिन प्रत्येक जोन में यह अभियान चल रहा है और रोजाना बड़े स्तर पर कार्रवाई हो रही है। सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों के ऊपर सिटी जोन पुलिस का डंडा सबसे ज्यादा चल रहा है। गुरुवार को सिटी जोन पुलिस ने 327 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामले में कार्रवाई की है। तो वहीं देहात पुलिस ने 137 और नदिया पार इलाके में 134 लोग इस मामले में पुलिस की रडार पर आए हैं।



कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा एक दिन में 498 लोगों को इस अभियान के तहत सबक सिखाने का काम किया गया है। कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार का कहना है कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सभी जोन में यह अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है। इसके काफी अच्छे परिणाम और लोगों की ओर से फीडबैक आ रहे हैं।

**एक दिन में 498 पर हुई कार्रवाई**

**सिटी जोन में मिले 327 पियक्कड़**




### व्यापारियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने उठाई थी कार्रवाई की मांग

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते एक महीने से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस मामले को लेकर शहर के प्रमुख व्यापारियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से पुलिस आयुक्त से कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसके बाद यह अभियान पूरे कमिश्नरेट में चलाया जा रहा है। इसके बाद काफी हद तक स्थिति कंट्रोल में आई और सड़क पर जाम और सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने के मामलों में कमी आ रही है।

### सिटी जोन में चला पुलिस का जमकर कार्रवाई वाला डंडा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले 6 थानाक्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने 327 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, माहौल खराब करने और सड़क पर जाम लगाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश है कि वह प्रतिदिन अपने इलाके में इस अभियान को प्रमुखता के साथ चलाएंगे और चौकी प्रभारियों को लगाकर अधिक से अधिक लोगों पर कार्रवाई की जाए।

# अगर सच में सरकारी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई हो तो अभिभावक कभी पब्लिक स्कूलों की तरफ मुंह ना करें

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कई लोग पब्लिक स्कूलों के विरुद्ध हैं। वे मानते है कि ये स्कूल अभिभावकों का शोषण करते हैं इसलिए कई लोग सोशल मीडिया पर कई तरह के व्यंग करते रहते हैं। मैने पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक कार्टून देखा था। जिसमें एक अभिभावक स्कूल की शिक्षिका से वार्ता कर रहा था। शिक्षिका कह रही थी कि आपको कापी किताब, बैग, पेंट कमीज, जूता, मौजा सभी चीजें स्कूल से लेनी होंगी। अभिभावक ने पूछा और पढ़ाई ?? शिक्षिका ने उत्तर दिया उसके लिए ट्यूशन कर लेना। ये केवल मनोरंजन की बात नहीं है कुछ अंश में इसमें सच्चाई भी है।लेकिन ये भी सच्चाई है कि पब्लिक स्कूलों में पढ़ाने का जो आकर्षण बढ़ा है उसका बड़ा कारण सरकारी स्कूलों में शिक्षण का स्तर गिरने का है। अगर सच में सरकारी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई हो तो बहुत से अभिभावक कभी पब्लिक स्कूलों की ओर मुंह भी न करें।

सरकारी स्कूलों को तो वर्ष भर में शिक्षा से इतर शिक्षकों को कई काम करने होते हैं जो उन कामों को नहीं करेगा उसे दंडित किया जाएगा। मैनें उत्तर प्रदेश में किसी एक भी शिक्षक को अच्छा न पढ़ाने या परीक्षा परिणाम न देने के लिए दंडित किए जाने का कोई समाचार नहीं सुना है। लेकिन शिक्षा से इतर कार्यों में दंड के समाचार तो प्रतिदिन समाचार पत्रों में छपते रहते हैं। मुझे कभी कभी शक होता है कि उन्होंने पब्लिक स्कूलों के आकर्षण को कम करने का एक तोड़ निकाल लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों को सुधारने के प्रयास तो निराश होकर छोड़ दिए हैं। उन्होंने पब्लिक स्कूलों में भी पढ़ाई न हो इसके लिए प्रतिदिन बच्चों और शिक्षकों के लिए कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम आता है जिसमें कभी रैली, कभी सभा, कभी स्वच्छता, कभी खाद बनाना, कभी जागरूकता। किसी विभाग का कोई कार्यक्रम हो उसने स्कूलों के बच्चों को भाग लेना अनिवार्य कर दिया गया है। पढ़ाई में निरंतरता और लय बहुत आवश्यक है। उसमें व्यवधान शिक्षक और बच्चों दोनों की तन्मयता को भंग करता है।



**उत्तर प्रदेश की सरकार की एक ओर विशेषता है कि यहां लोगों की कठिनाई सुनकर सुधार का कालम हट गया है। कोई किसी कठिनाई को सुनने को तैयार नहीं है, समाधान का तो अवसर ही समाप्त लगता है।**




जब से उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग में महानिदेशक का पद बनाकर उस पर आईएएस की नियुक्ति हुई है ,तब से लगता है कि पढ़ाई के अलावा अन्य कार्यक्रमों की बाढ़ सी आ गई है। सारे विभागों के कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों को शामिल किया जाय इसका लगभग प्रतिदिन एक शासनादेश सीधा शिक्षा विभाग से जारी होता है और शिक्षा अधिकारियों की उन कार्यक्रमों को अक्षरशः सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि वर्ष भर में एक भी शासनादेश बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता के सुधार के संबंध में जारी नहीं होता है।

पहले सीबीएसई के स्कूलो पर प्रदेश के प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों का कोई सीधे दखल नहीं होता था लेकिन जब से पब्लिक स्कूलों में भी 25% तक गरीब बच्चों को प्रवेश देने की अनिवार्यता का कानून बना है और सभी सीबीएसई के स्कूलों का संभवतः 3 या 5 वर्ष में नवीनीकरण आवश्यक हो गया है और उसमें प्रदेश के शिक्षा विभाग के अधिकारियों का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक कर दिया गया है। तब से इन स्कूलों पर भी प्रदेश के अधिकारियों का शिकंजा कस गया है।अब सभी स्कूल उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के निर्देश को मानने के लिए बाध्य हैं चाहे उनके शिक्षण में कितना भी व्यवधान हो। उत्तर प्रदेश की सरकार की एक ओर विशेषता है कि यहां लोगों की कठिनाई सुनकर सुधार का कालम हट गया है।कोई किसी कठिनाई को सुनने को तैयार नहीं है, समाधान का तो अवसर ही समाप्त लगता है।

देश के प्रधानमंत्री जी का कहना है कि minimum government maximum governance लेकिन उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने शायद इसको उल्टा पढ़ लिया है। Minimun governanen maximum government.

**सुप्रीम कोर्ट ने समन आदेश में बताई खामियां**

# घटिया गुणवत्ता वाली दवा बनाने के आरोपी फर्म के खिलाफ केस खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को घटिया गुणवत्ता वाली दवा बनाने के आरोप में एक फर्म के खिलाफ कार्यवाही को खारिज कर दिया और कहा कि ट्रायल कोर्ट के समन आदेश में नाम मात्र के लिए भी कोई कारण नहीं दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि समन आदेश पूरी तरह से 'बिना किसी कारण के' था। यह फैसला फर्म और अन्य की तरफ से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अक्तूबर 2023 के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर आया, जिसमें कुरनूल ट्रायल कोर्ट में कार्यवाही को रद्द करने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया गया था।

पीठ ने फर्म के वकील की दलीलों का हवाला देते हुए कहा, 'हालांकि, हम अपीलकर्ताओं की तरफ से कई आधारों पर की गई दलीलों पर विचार करना जरूरी नहीं समझते हैं, क्योंकि वर्तमान अपील इस आधार पर स्वीकार किए जाने योग्य है कि मजिस्ट्रेट ने बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया जारी की है।' पीठ ने कहा, 'मौजूदा मामले में भी मजिस्ट्रेट ने नाम के लिए भी कोई कारण नहीं बताया है। समन आदेश पूरी तरह से बिना किसी कारण के है।' हाईकोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए पीठ ने ट्रायल कोर्ट के जुलाई 2023 के समन आदेश और संबंधित कार्यवाही को रद्द कर दिया।

मई 2019 में, ड्रग्स इंस्पेक्टर, कुरनूल अर्बन ने कंपनी, उसके प्रबंध भागीदार और अन्य के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 32 के तहत अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी।

# महाकुंभ के सेक्टर 22 के बाहर लगी आग में 15 टेंट जले, कोई जनहानि नहीं



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में सेक्टर 22 के बाहरी क्षेत्र में चमनगंज चौकी के पास बृहस्पतिवार को एक टेंट में आग लग गई और इसकी चपेट में आकर 15 टेंट जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 22 के बाहर चमनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में आज दोपहर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसपर तत्काल कार्रवाई करते हुए आग को बुझाया गया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने के लिए मार्ग नहीं होने से दमकल की गाड़ियों को आने में दिक्कत हुई। हालांकि आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई और ना ही कोई घायल हुआ।

शर्मा ने बताया, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के मुताबिक, यह टेंट अनधिकृत तौर पर लगाया था। इस आग में 15 टेंट जल गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**महात्मा गांधी की पुण्यतिथि**

# राष्ट्रपति मुर्मू-पीएम मोदी ने दी बापू को श्रद्धांजलि

**देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया**





**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई दिग्गज नेताओं ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुर्मू ने गांधी की समाधि राजघाट पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और मनोहर लाल खट्टर समेत अन्य नेताओं ने भी गांधी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही बापू की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

## पीएम मोदी ने किया पोस्ट

महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथी पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गांधी के आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही उन्होंने अपने देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया।

## राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने बापू की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर लिखा कि गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं। उन्होंने आगे लिखा कि सत्य, अहिंसा और निडरता की शक्ति बड़े से बड़े साम्राज्य की जड़ें हिला सकती हैं झ पूरा विश्व उनके इन आदर्शों से प्रेरणा लेता है। राष्ट्रपिता, महात्मा, हमारे बापू को उनके शहीद दिवस पर शत-शत नमन।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बापू को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आप मुझे बेड़ियों से जकड़ सकते हैं, यातना दे सकते हैं, आप इस शरीर को खत्म भी कर सकते हैं, लेकिन आप मेरे विचारों को कैद नहीं कर सकते। महात्मा गांधी बलिदान दिवस पर बापू को विनम्र श्रद्धांजलि।

## न्यूज डायरी

### तेलंगाना एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आरजीआई) को बुधवार की दोपहर में बम से उड़ाने की धमकी मिली। कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान कामारेड्डी जिले के रहने वाले के तौर पर की गई है। आरजीआई पुलिस स्टेशन ने बताया कि नितिन नाम के एक व्यक्ति ने 100 नंबर पर फोन पर एयरपोर्ट पर बम होने का दावा किया। कॉल करने वाले व्यक्ति के घरवालों ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### असम के बच्चों के सामने मां से दुष्कर्म

**असम।** असम के कछार जिले के धोलाई थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला से कथित तौर पर उसके दो बच्चों के सामने दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने बुधवार को इसके बारे में जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी 28 वर्षीय चालक है और पीड़ित परिवार के पड़ोस में रहता है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला के घर में घुस आया और उसने महिला के दो बच्चों के सामने कथित रूप से उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद, वह महिला पर तेजाब डालकर वहां से भाग गया। महिला का पति जब घर पहुंचा तो उसने अपने पत्नी के हाथ और पैर बंधे देखे। पुलिस ने कहा कि घटना 22 जनवरी की है और मामला अगले दिन दर्ज किया गया। महिला को सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा कि घटना के बाद से फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### हरीश गुप्ता आंध्र प्रदेश के नए डीजीपी नियुक्त

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश सरकार ने बुधवार को हरीश कुमार गुप्ता को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के पद पर पूर्ण अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी गुप्ता 31 जनवरी को डी तिरुमाला राव के सेवानिवृत होने के बाद डीजीपी का कार्यभार संभालेंगे। राव को 1 फरवरी से एक साल की अवधि के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है। सरकारी आदेश में कहा गया है, 'हरीश कुमार गुप्ता, आईपीएस (1992), महानिदेशक, सतर्कता और प्रवर्तन, और सरकार के पदेन प्रधान सचिव, को अगले आदेश तक डीजीपी (पुलिस बल के प्रमुख) के पद का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है।' बता दें कि गुप्ता को 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान थोड़े समय के लिए चुनाव आयोग द्वारा डीजीपी नियुक्त किया गया था। बाद में टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कार्यभार संभालने के बाद राव ने उनकी जगह ले ली।

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर, हथियार बरामद

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने दो माओवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ बुधवार सुबह चाईबासा के सोनुआ थाना क्षेत्र के जंगल में हुई। माओवादियों ने यहां कैंप बनाया हुआ था। सीआरपीएफ और पुलिस की एक संयुक्त टीम नक्सलरोधी अभियान पर निकली थी। सुबह 6:35 बजे सुरक्षाबलों को देख नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो नक्सली मारे गए, जबकि बाकी भाग खड़े हुए। मारे गए नक्सलियों की पहचान भाकपा (माओवादी) जोनल कमेटी सदस्य विनय गंझू उर्फ संजय गंझू और हेमंती मंझियाईन के रूप में हुई है। तलाशी अभियान में हथियार, कारतूस व अन्य सामान भी बरामद हुए हैं।

### आम जनता और दिल्ली के लिए जहरीली हुई आप: पप्पू यादव

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल के बयान पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पानी जहरीला नहीं हुआ है, बल्कि इन लोगों का विचार और चरित्र जहरीला हो गया है। आम आदमी पार्टी अब आम जनता और दिल्ली के लिए जहरीली हो गई है।

### थाईलैंड-अमेरिका से निर्वासित दो भगोड़े गिरफ्तार

**तमिलनाडु।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के समन्वित अभियानों में इंटरपोल रेड नोटिस का सामना कर रहे दो भगोड़ों को अमेरिका और थाईलैंड से भारत वापस लाकर बुधवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह तमिलनाडु और गुजरात में अलग-अलग मामलों में वांछित थे। अधिकारियो ने बताया कि जनार्थनन सुंदरम, जो पोंजी योजना के जरिए निवेशकों के 87 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोपी है, को बैंकॉक से वापस लाया गया। तमिलनाडु पुलिस ने उसे कोलकाता हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। दूसरे मामले में, सीबीआई के वैश्विक परिचालन केंद्र ने वीरेंद्रभाई मणिभाई पटेल की वापसी में मदद की, जो 20 साल से धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के मामले में वांछित था। पटेल को गुजरात पुलिस ने 2002 में दर्ज 77 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया। दोनों भगोड़ों को वापस लाने के लिए अमेरिका और थाईलैंड में अधिकारियों के साथ समन्वय किया गया था।

### मंगलुरु पुलिस ने आठ साल से फरार आरोपी पकड़ा

**कर्नाटक।** कर्नाटक की मंगलुरु पुलिस ने एक आपराधिक मामले में आठ साल से फरार आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान किशोर शेट्टी निवासी हसन जिला के रूप में हुई है। आरोपी मंगलुरु उत्तर पुलिस थाने में 2011 में दर्ज मामले में 2016 से फरार था। वह न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हो रहा था। मंगलुरु पुलिस ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को हसन जिले के सकलेशपुर से गिरफ्तार कर लिया और उसे अदालत में पेश किया गया।

### जयललिता की संपत्ति तमिलनाडु सरकार को हस्तांतरित करने का आदेश

**बंगलूरू।** बंगलूरू की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए, तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता की जब्त की गई सारी संपत्ति को तमिलनाडु सरकार को हस्तांतरित करने का आदेश दिया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने 13 जनवरी को जयललिता के भतीजे जे दीपक और भतीजी जे दीपा की एक याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने जयललिता के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में संपत्ति पर दावा किया था। हाईकोर्ट ने 2016 में जयललिता के निधन के बाद उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो जाने के बावजूद उनकी संपत्ति को जब्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखा था। उनके उत्तराधिकारियों ने तर्क दिया कि जयललिता के खिलाफ मामला खत्म होने के बाद उनकी संपत्ति जब्त नहीं होनी चाहिए। हालांकि, हाईकोर्ट ने कहा कि क्योंकि शीर्ष अदालत ने अन्य आरोपियों को दोषी करार देने के विशेष अदालत के फैसले को सही माना है, इसलिए संपत्ति का जब्त होना वैध है। बता दें कि जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में दोषी ठहराया गया था।

# 3,200 करोड़ की जीएसटी धोखाधड़ी में डीजीजीआई का 30 जगह छापे

**बंगलूरू।** कर्नाटक में बंगलूरू स्थित जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 3,200 करोड़ रुपये के जीएसटी धोखाधड़ी का पदार्फाश किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीजीआई बंगलूरू जोन की अतिरिक्त महानिदेशक सुचेता श्रीजेश ने कहा कि तीसरा संदिग्ध अभी फरार है। डीजीजीआई की बंगलूरू क्षेत्रीय इकाई ने बंगलूरू और मुंबई में 30 से अधिक स्थानों पर छापा मारा और धोखाधड़ी का खुलासा किया। आरोपियों ने बिना किसी वैध कारोबार संचालन वाली फर्जी कंपनियां बनाईं, टर्नओवर बढ़ाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग में लगे रहे। इन कंपनियों को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया और 665 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने और उसे पारित करने में सफल रहे। घोटाले में शामिल फर्जी बिलों का कुल मूल्य 3,200 करोड़ रुपये से अधिक है। जांच में 15 संदिग्ध कंपनियों का पता चला, जिनका वास्तव में कोई कारोबार नहीं था। बड़ी संख्या में इनवर्ड ई-वे बिल के बावजूद, किसी भी कंपनी के पास कोई आउटवर्ड ई-वे बिल नहीं था। अधिकारियों के अनुसार, इनमें से नौ कंपनियां भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध भी हैं।

## श्री शारदा पीठम को भी मिला विदेशी चंदा लेने का लाइसेंस

गृह मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश के श्री शारदा पीठम को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस प्रदान कर दिया है। अब संस्था अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से चंदा स्वीकार कर सकेगी। गृह मंत्रालय से बांके बिहारी मंदिर को एफसीआरए मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद ही श्री शारदा पीठम को यह लाइसेंस दिया गया। इस वर्ष अब तक 91 संस्थानों को एफसीआरए अनुमोदन मिला है।

# मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोग गिरफ्तार

## 60 नौकरशाहों, 10 पुलिस अधिकारियों का तबादला



**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिन में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन सदस्यों और यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट-कोइरेंग (यूएनएलएफ-के) के एक सक्रिय सदस्य को मंगलवार को तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा प्रतिबंधित ह्मापीपुल्स लिबरेशन आर्मीह्ल के दो सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उन्हें इंफाल के पाओना बाजार क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

बयान में कहा गया है कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने बुधवार को थौबल जिले के तेंथा इलाके से पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पीआरओ) के भी दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया।

इस बीच मणिपुर सरकार ने तत्काल प्रभाव से 60 नौकरशाहों और 10 पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। राज्य प्रशिक्षण अकादमी के महानिदेशक पॉलुनथांग वैफेई को अतिरिक्त मुख्य सचिव का पदभार दिया गया है, जबकि प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराग बाजपेयी अतिरिक्त मुख्य सचिव (वस्त्र, वाणिज्य एवं उद्योग) होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रधान सचिव (वस्त्र, वाणिज्य एवं उद्योग) अरुण कुमार सिन्हा नए प्रधान सचिव (कृषि, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग) होंगे। आयुक्त-सह-सचिव (पर्यटन) और मणिपुर भवन नई दिल्ली के रेजिडेंट कमिश्नर देवेश देवल अब केवल पर्यटन विभाग का प्रभार संभालेंगे।

अधिसूचना के मुताबिक, थौबल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश बलवाल इंफाल पूर्व के नए एसपी होंगे, जबकि सेनापति के एसपी अनुपम को संयुक्त सचिव (गृह विभाग) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। चंदेल के एसपी शिवानंद सुर्वे को सेनापति के एसपी के रूप में स्थानांतरित किया गया है। ऐसे ही चुराचांदपुर के एसपी शेख मोहम्मद जाइब जाकिर को डीजीपी का वरिष्ठ एसओ नियुक्त किया गया है।

# मुस्लिम लीग के महासचिव बोले महिला और पुरुष बराबर नहीं

**केरल।** केरल में कांग्रेस की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के महासचिव पीएमए सलाम ने यह कह कर विवाद खड़ा कर दिया कि महिला और पुरुष बराबर नहीं होते। उन्होंने कहा कि ऐसा दावा करना हकीकत से आंखें मूंदने जैसा है। इतना ही नहीं, सलाम ने यह भी कहा कि आईयूएमएल, लैंगिक न्याय की समर्थक है, न कि लैंगिक समानता की। हाल में मलप्पुरम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सलाम ने यह विवादास्पद बयान दिया था। राजनीतिक रूप से विपक्षी गठबंधन यूडीएफ के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा रहा। आईयूएमएल नेता ने अपनी दलील के समर्थन में एक उदाहरण देते हुए कहा कि ओलंपिक में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग श्रेणियां होती हैं। उन्होंने कहा, क्या ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि वे अलग-अलग हैं? उन्होंने पूछा कि क्या हम कह सकते हैं कि पुरुष और महिला सभी मामलों में समान हैं? क्या दुनिया ने इसे स्वीकार किया है?

# 3 गाड़ियों में कूड़ा भरकर स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के घर के बाहर फेंका, पुलिस ने हिरासत में लिया




**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर 3 गाड़ियों में कूड़ा भरकर फेंक दिया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फैलाने के बाद राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मालीवाल और उनके सहयोगियों ने विकासपुरी में सड़कों से कचरा उठाया, इसे तीन मिनी ट्रकों में इकट्ठा किया और फिरोजशाह रोड पर केजरीवाल के घर पहुंचे। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा रोके जाने और साइट से हटने से पहले उसने फावड़ा भरकर कूड़ा जमीन पर फेंक दिया।

राज्यसभा सांसद ने एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्हें केजरीवाल के 5 फिरोजशाह रोड स्थित आवास के बाहर कचरा फेंकते देखा जा सकता है। मालीवाल अपने समर्थकों के साथ मौजूद थीं, जिन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था, 'मुस्कुराइये, आप दिल्ली में हैं। कुछ ही समय बाद, मालीवाल को कई पुलिस कर्मियों ने हिरासत में ले लिया और एक पुलिस स्टेशन ले जाया गया। हिरासत में लिए जाने के दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पूरा शहर कूड़ेदान में तब्दील हो गया है, मैं यहां अरविंद केजरीवाल से बातचीत करने आई हूं, मैं उनसे कहूंगी कि सुधर जाओ वरना जनता सुधार देगी, मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से।

एक पोस्ट में उन्होंने कहा था कि विकासपुरी में सड़कों पर सालों से कूड़े के ढेर लगे हैं. लोग बहुत गुस्से में हैं. वे यह सारा कूड़ा इकट्ठा करके केजरीवाल के घर पर फेंकने जा रहे हैं। इस बीच, घटना के बाद केजरीवाल के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैरिकेड्स लगाए हैं और अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# जीपी सिंह ने सीआरपीएफ के महानिदेशक का संभाला प्रभार



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, जिन्हें आमतौर पर जीपी सिंह के नाम से जाना जाता है, ने गुरुवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नए महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। असम-मेघालय कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी, सिंह ने सीआरपीएफ मुख्यालय में बल के कार्यवाहक प्रमुख और विशेष महानिदेशक वितुल कुमार से कार्यभार संभाला। उन्हें 18 जनवरी, 2025 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा सीआरपीएफ का महानिदेशक नियुक्त किया गया था, उनका कार्यकाल उनके कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगा। सिंह का कार्यकाल 30 नवंबर, 2027 को उनकी सेवानिवृत्ति तक जारी रहेगा।

हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, सिंह ने 1992 में असम में अपना करियर शुरू किया, यह वह दौर था जब पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण विद्रोह हुआ था। उन्होंने सोनितपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी), रंगिया में उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) और नलबाड़ी में एएसपी के रूप में कार्य किया, और निचले असम में आतंकवाद विरोधी अभियानों में सक्रिय रूप से योगदान दिया। सिंह ने जोरहाट, गुवाहाटी और बारपेटा में पुलिस अधीक्षक (एसपी) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उल्लेखनीय रूप से, उनके नेतृत्व में, जोरहाट ने सेना की सहायता के बिना सफल आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए।

2002 में, वह नई दिल्ली में विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) में शामिल हो गए, जहाँ वे प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार थे। 2013 से 2019 तक, सिंह ने एनआईए में महानिरीक्षक (आईजी) के रूप में कार्य किया, समझौता, मालेगांव, अजमेर शरीफ और मक्का मस्जिद बम विस्फोटों के साथ-साथ पुलवामा, उरी और पठानकोट में भारतीय सैन्य कर्मियों पर हमलों जैसे महत्वपूर्ण मामलों की जाँच की देखरेख की। उन्होंने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करने के प्रयासों का भी नेतृत्व किया। दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के बीच, सिंह को कानून और व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अञ्ख्रह्व) के रूप में असम वापस भेज दिया गया था। बाद में उन्होंने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के निदेशक के रूप में कार्य किया और राइनो प्रोटेक्शन टास्क फोर्स का नेतृत्व किया। फरवरी 2023 में, उन्हें असम के पुलिस महानिदेशक (ञ्ख्रह्व) के रूप में नियुक्त किया गया।

## सीआरपीएफ राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका

अपनी नियुक्ति से पहले, सिंह ने असम पुलिस के महानिदेशक के रूप में सेवा देने सहित कानून प्रवर्तन में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया। पिछले कई वर्षों में उन्होंने आतंकवाद विरोधी अभियानों, पुलिस सुधारों और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के नए प्रमुख के रूप में सिंह देश भर में इसके अभियानों की देखरेख के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसमें आतंकवाद विरोधी, आंतरिक सुरक्षा और संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में कानून प्रवर्तन कर्तव्य शामिल हैं। उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब सीआरपीएफ राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 8 नवंबर, 1967 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जन्मे सिंह ने अपनी स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा लखनऊ में पूरी की, जहाँ उन्होंने बी.एससी. और एम.एससी. दोनों डिग्री हासिल की।

# श्रीलंका की जेल से रिहा हुए तमिलनाडु के छह मछुआरे; चेन्नई हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत



**चेन्नई।** श्रीलंका की जेल से रिहा किए गए तमिलनाडु के रामेश्वरम जिले के छह मछुआरे चेन्नई पहुंच गए हैं। चेन्नई हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के हस्तक्षेप से उनकी रिहाई संभव हो सकी है। कोलंबो से विमान पर सवार होकर बुधवार रात छह लोग यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे। राज्य के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और सड़क मार्ग से उनके गृह जिले तक उन्हें पहुंचाने में मदद की।

श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने इन मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब ये 12 जनवरी को मछली पकड़ने निकले थे। कथित तौर पर समुद्री सीमा पार करने के बाद इन मछुआरों की नौका भी जब्त कर ली गई थी। बाद में उन्हें अदालत में पेश किया गया और हिरासत में लिया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर गिरफ्तार लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की थी। इससे पहले भारत ने भारतीय मछुआरों के मुद्दे पर श्रीलंका के सामने नाराजगी जताई थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई नौसेना की फायरिंग में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल भारतीय मछुआरों का जाफना अस्पताल में इलाज चल रहा है। श्रीलंका के कार्यवाहक राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा, ' आज सुबह डेल्फ्ट द्वीप के नजदीक 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना की ओर से गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जाफना टीचिंग अस्पताल में चल रहा है। तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आईं हैं। उनका भी इलाज किया जा रहा है। जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है।'

# एअर इंडिया के विमान ने अनजाने में भेजा अपहरण का संकेत, जांच




**मुंबई।** मुंबई जाने वाले एअर इंडिया के एक विमान ने इस सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी से उड़ान भरने के तुरंत बाद अनजाने में अपहरण का संकेत भेज दिया। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जांच की जा रही है। सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करते हुए मुंबई हवाईअड्डे पर विमान को उतारकर एक अलग स्थान पर ले जाया गया। इस दौरान सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि 27 जनवरी को दिल्ली से मुंबई जाने वाली उड़ान संख्या एआई 2957 ने एक खास कोड '7500' भेजा गया। इस कोड का इस्तेमाल अपहरण के बारे में चेतावनी देने के लिए किया जाता है। ड्यूटी पर मौजूद पायलट ने संबंधित एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचित किया कि कोड अनजाने में दबा दिया गया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# सांसद अतुल गर्ग कर रहे हैं लोकसभा क्षेत्र में नागरिकों को उड़ान सेवा देने का प्रयास

## गोवा के बाद वो चाहते हैं हिंडन ने शुरू हो प्रयागराज के लिये उड़ान




Atul Garg
अतुल गर्ग
Add: KB-14B Kavi Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh Pin Code-201002




### प्रयागराज और लखनऊ की उड़ान करेगी लोगों का सफर आसान

**करंट क्राइम।** प्रयागराज का मतलब केवल कुंभ ही नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिन लोगों के लिये मुकदमें हाईकोर्ट में चल रहे हैं। जिन्हें पैरवी के लिये प्रयागराज जाना पड़ता है। जिन लोगों शासकीय कामकाज लखनऊ से जुड़े हैं और जिनका आना जाना लखनऊ होता है वो लोग इस उड़ान के महत्व को समझ सकते हैं। जो लोग गाजियाबाद-नोएडा, मेरठ, बुलंदशहर, जैसे जिलों में रहते हैं और उनका हाईकोर्ट से जुड़ा काम है या लखनऊ जाना होता है तो उनके लिये गाजियाबाद एयरपोर्ट से अगर उड़ान शुरू होगी तो उनका सफर आसान हो जाएगा। सांसद अतुल गर्ग वैसे भी क्षेत्र की पूरी जमीनी जानकारी रखते हैं। वो जानते हैं कि कनेक्टिविटी और एक्टिविटी में क्या संबंध है। लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं का पूरा भूगोल उन्हें पता है और उनके ये प्रयास जब हकीकत में बदलेंगे तो लोगों को एक बड़ी सुविधा मिलेगी। लोगों का सफर आसान हो जाएगा।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपने लोकसभा क्षेत्र के लिये विकास का एक विजन लेकर चल रहे हैं। वो जमीन से लेकर आसमान तक कनेक्टिविटी का एक सेतु बनना चाहते हैं। वो लोनी-सहारनपुर मार्ग को लेकर पत्र लिख चुके हैं।

अपडेट लेते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि उन्होंने हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट के मामले में विशेष रूचि ली है। उनके प्रयास अब रंग लाते दिखाई दे रहे हैं। सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों को पत्र लिखा था और उनके पत्र के बाद ही ये खुलासा हुआ था कि सरकार का हर वर्ष एक बड़ा फंड यहां खर्च हो रहा है। इसके बाद यहां से उड़ान के लिये एक रनवे तैयार हुआ और सरकारी फाइलों में मामला आगे बढ़ा।

एक मार्च से हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू हो रही हैं। यहां बैंगलोर, कोलकाता और गोवा के लिये फ्लाइट प्रस्तावित हैं। अब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का ये प्रयास है कि हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिये उड़ान शुरू हो। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन को पत्र लिखा है।

अपने पत्र में सांसद अतुल गर्ग ने लिखा कि आपको जानकारी है कि एक मार्च से हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से बैंगलोर, कोलाकाता और गोवा के लिये फ्लाइट उड़ाने का निर्णय लिया है। कुंभ मेले प्रयागराज में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से प्रयागराज जनपद के लिये फ्लाइट आरंभ कराने का कष्ट करें। खास बात ये हैं कि सांसद अतुल गर्ग ने अपने पत्र में प्रयागराज के अलावा गाजियाबाद से लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या के लिये भी फ्लाइट शुरू कराने को अतिआवश्यक बताया है। सांसद अतुल गर्ग के इस प्रस्ताव पर एयरपोर्ट अथॉरिटी क्या निर्णय लेती है यह बाद की बात है, लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि सांसद अतुल गर्ग ने अपने लोकसभा क्षेत्र में एक सुविधा देने का प्रयास किया है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में इसे शुमार किया है।

# विधायक से पहले क्षेत्रीय पार्षद का सम्मान करने पहुंचे वार्ड के सरदार

## कहानी में है लैटर-कोटा और जनप्रतिनिधि का किरदार







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकतंत्र का विकास का ढांचा जनप्रतिनिधियों की धुरी पर आधारित होता है। किसके घर से किसकी दुकान तक सड़क बनेगी, कहां हैंडपंप लगेगा, कहां इंटरलॉकिंग टाइल लगनी है, ये सब काम सांसद निधि से, विधायक निधि से और पार्षद निधि से होते हैं। शिकायत की तरफ ध्यान कोई भी दिला सकता है और अधिकारी संज्ञान भी ले सकते हैं, लेकिन समाधान के लिये निधि चाहिए और निधि का रास्ता जनप्रतिनिधि के लेटर से होकर गुजरता है। निगम की बोर्ड बैठक में पार्षद अपने-अपने क्षेत्र की समस्या रखते हैं। अपने कोटे से प्रस्ताव को पास कराते हैं और विकास कार्य कराते हैं। दिशा की बैठक में लोकसभा सांसद अधिकारियों के साथ बैठकर पूरे जिले के विकास का खाका खींचते हैं। कहां पर क्या कमी है ये जनता बताती है। कई बार अधिकारियों के पास सीधे पत्र पहुंचते हैं, कई बार जनप्रतिनिधियों के पास पत्र पहुंचते हैं और जनता की शिकायत पर संज्ञान लिया जाता है।

किस्सा उस वार्ड से जुड़ा है जहां भाजपा की शीतल चौधरी ने पहली बार चुनाव जीतकर कमल खिलाया है। इस वार्ड में भाजपा कभी नहीं जीतीं लेकिन यहां पहली बार भाजपा जीती है। यहां पर सिब्बनपुरा गुरुद्वारे के पीछे सीवर लाइन टूटने का मामला था। इस समस्या का समाधान हुआ और बताया जाता है कि यहां कहानी में क्रेडिट वाला सीन भी आ गया। बहरहाल समस्या का समाधान हुआ, क्षेत्र के लोग खुश हैं और वो अपनी क्षेत्रीय पार्षद शीतल चौधरी के घर पहुंचे। ये गुरुद्वारे के पीछे का मामला था। सीवर लाइन टूटने से परेशानी हो रही थी। समस्या का समाधान हुआ तो सिख समाज के लोगों ने पार्षद शीतल चौधरी का आभार व्यक्त किया, उनका सम्मान किया। कहानी का ट्विस्ट ये है कि आज ये लोग विधायक संजीव शर्मा का भी सम्मान करेंगे। लेकिन उससे पहले पार्षद का आभार व्यक्त किया। कहानी में किरदार विकास का है और लोगों का ये कहना है कि जनता को समाधान चाहिए। वहीं इस मामले में पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि हमें जनता ने जनादेश ही विकास के लिये दिया है। अपनी समस्याओं के समाधान के लिये दिया है। मैं जनता का आभार व्यक्त करती हूं।

# चौधरी अजीत सिंह की कोठी खाली कराने के दौरान बवाल का मामला

## राकेश टिकैत सहित पूर्व विधायकों ने कोर्ट में किया सरेंडर और मिली जमानत



### एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई



### पुलिस ने 36 नेताओं को किया था नामजद और 5000 उपद्रवी थे अज्ञात

करंट क्राइम : मुरादनगर सोनिया विहार रेगुलेटर पर रालोद नेताओं के साथ किसान यूनियन और जाट समाज के लोगों ने जो प्रदर्शन किया था, उस मामले में पुलिस ने 36 नामजद नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित लगभग 5000 अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस पर जानलेवा हमला करने, आगजनी, तोड़फोड़, सरकारी काम में बाधा डालने, बंधक बनाए जाने ,बलवा करने के साथ ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस द्वारा विवेचना के बाद 36 लोगों के खिलाफ एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए गए। जिसमें सभी लोगों के विरुद्ध संबंधित वारंट न्यायालय में चल रहे थे।

### एडवोकेट चौधरी अजय वीर सिंह ने मजबूती से लड़ा केस



**करंट क्राइम :** बचाव पक्ष की के अधिवक्ता के रूप में अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट रहे। उन्होंने मजबूती के साथ इस मामले में अपने नेताओं का पक्ष रखा और पूरे मामले की पैरवी की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निजी सचिव वीरपाल मलिक व चेयरमैन अमरजीत सिंह बड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ गहलोद भी उपस्थित रहे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय द्वारा एडीजे त्वरित न्यायालय द्वितीय निशांत मान के न्यायालय में राकेश टिकैत सहित सभी लोगों ने आत्मसमर्थन किया और जमानत याचिका प्रस्तुत की।

अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश निशांत मान ने सभी अभियुक्तों की जमानत मंजूर कर रिहा करने के आदेश दिए। जमानती पेश करने के बाद सभी उपरोक्त आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इस दौरान किसान नेता राकेश टिकैत, विधायक योगेश धामा, पूर्व मंत्री बलवीर सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व विधायक वीरपाल सिंह राठी, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सहित दो अन्य आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण करते हुए जमानत का आवेदन किया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने बताया है कि 18 सितंबर सन 2014 को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह की दिल्ली में कोठी खाली कराने के विरोध में मुरादनगर सोनिया विहार रेगुलेटर पर रालोद व किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं व जाट समाज के लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिसमें पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े गए, वह रबर बुलेट का प्रयोग प्रदर्शनकारियों पर किया गया था। इस मामले में सभी को जमानत दे दी गई है।

# गाजियाबाद में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 13.15 करोड़ के मादक पदार्थ भट्टी में जलाए अफीम दवा निर्माण के लिए भेजी गई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में तीनों जोन के 240 मुकदमों से जुड़े करीब 2232 किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया। इन मादक पदार्थों की कीमत लगभग 13.15 करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 25 जनवरी से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत तीनों जोन में डीसीपी के नेतृत्व में ड्रग डिस्पोजल कमेटी का गठन किया गया। नगर जोन से 239.5 किलो गांजा और 1.25 किलो चरस, ग्रामीण जोन से 922.8 किलो गांजा, 824.9 किलो डोडा, 22.8 किलो चरस और 0.13 किलो हीरोइन का निस्तारण किया गया।

वहीं, ट्रांस हिंडन जोन से 187.3 किलो गांजा, 1.72 किलो चरस, 26.5 किलो डोडा, 0.027 किलो हीरोइन और 3.089 किलो नशीले पाउडर को नष्ट किया गया। विशेष रूप से, ट्रांस हिंडन जोन की कमेटी ने 2.04 किलो अफीम को दवा निर्माण के लिए सरकारी अफीम कारखाना गाजीपुर में भेजा। शेष सभी मादक पदार्थों को एमजी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एनवायरन वेस्ट कनेक्शन प्लांट की भट्टी में जलाकर नष्ट किया गया।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि यह मादक पदार्थ लंबे समय से थानों के मालखानों में जमा थे, जिनका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

## श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान का शुभारंभ

### श्रीमहंत नारायण गिरि की अध्यक्षता में 11 बजकर 54 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना की



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति







**प्रयागराज, करंट क्राइम।** श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग पर शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में लगाए गए श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान का शुभारंभ गुरूवार से शुरू हो गया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि के दिशा-निर्देशन व श्रीदूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि की अध्यक्षता में शुरू हुए गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान के पहले दिन देश-विदेश से आए भक्तों ने भाग लिया और विश्व कल्याण की कामना से सभी देवी-देवताओं, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती व मां दुर्गा का पूजन-पाठ कर शत चंडी महायज्ञ में आहुति दी। कलश स्थापना अभिजीत मुहूर्त में 11 बजकर 54 मिनट पर की। उन्होंने कहा कि गुप्त नवरात्रि में गई साधना जन्मकुंडली के समस्त दोषों को दूर करने वाली और धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष देने वाली होती है। इन पवित्र नवरात्रों में जो साधक देवी शक्ति की उपासना किसी विशेष मनोरथ सिद्धि हेतु पवित्रता व श्रद्धा भाव से करते हैं तो उनके मनोरथ सिद्ध होते हैं। गुप्त नवरात्रि के दैरान इन दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी या कमला ।की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि देवी मां कि इन 10 महाविद्याओं की पूजा करने से मनुष्य को विशेष सिद्धियां प्राप्त होती हैं और जीवन के सभी परेशानियों से छुटकारा मिलता है। गुरूवार को प्रात काल घट स्थापना के बाद वेदी का पूजन हुआ। गणपति गौरी पूजन कर सभी देवी-देवताओं का पूजन कर उनका आहवान किया गया व शत चंडी का पाठ व हवन किया गया। गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के प्रधान आचार्य तथा यज्ञाचार्य तयोराज उपाध्याय व अमित शर्मा करा रहे हैं। शतचंडी महायज्ञ 11 ब्राहमण करा रहे हैं। उप मेला प्रबंधक महंत साध्वी विष्णु प्रिया गिरि महाराज, रानी भटियाणी मंदिर जसौल बालोतरा राजस्थान के संयोजक कुंवर हरिश चंद सिंह, ईश्वर सिंह बहुरानी समेत देश-विदेश से आए भक्त भी पहले दिन अनुष्ठान में शामिल हुए। गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान 6 फरवरी तक चलेगा। 7 फरवरी को कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## संपादकीय

# ये दोस्ती...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ आगामी वॉशिंगटन यात्रा महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों, रक्षा साजोसामान की खरीदारी और फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप पर बातचीत की दिशा स्पष्ट की है। दोनों देशों के बीच सहयोग की भावना उभर रही है, जिससे सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद जिस तरह से खुद ट्रंप ने पीएम मोदी के अगले महीने वॉशिंगटन आने की घोषणा की, उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता। कहीं न कहीं इससे इस संभावित यात्रा की अहमियत रेखांकित होती है। अच्छी बात यह भी है कि ट्रंप के खुलेपन के चलते द्विपक्षीय रिश्तों के अगले दौर को लेकर होने वाली बातचीत का अजेंडा काफी हद तक स्पष्ट हो गया है।

अवैध प्रवासी ट्रंप अवैध प्रवासियों पर शुरू से मुखर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम मोदी इस पर वही करेंगे, जो सही होगा। वैसे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि भारत अवैध प्रवासन के पक्ष में नहीं है औरसही तरह से पहचान हो जाने के बाद इन्हें वापस लेने को तैयार है। इसलिए इस पर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति है। यानी अब व्यावहारिक पहलुओं पर ही कुछ स्पष्टता लाने की जरूरत होगी।

ट्रंप की खास शैली ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि वह चाहते हैं भारत अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए। फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने पर भी उनका जोर है। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने चीन और ब्राजील के साथ ही भारत का नाम लेते हुए टैरिफ लगाने की धमकी दी। अगर ट्रंप की अपनी खास शैली से अलग हटकर देखें तो ये सभी ऐसे मसले हैं, जिन पर पॉजिटिव नजरिए से बातचीत के जरिए सहमति बनाना मुश्किल नहीं होगा। सहयोग की जरूरत ट्रंप की बातों से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देश एक-दूसरे के सहयोग की जरूरत को महसूस करते हैं। अगर ट्रंप चाहते हैं कि भारत, अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए तो जाहिर है कि उससे होने वाले फायदे उनकी नजरों से छुपे हुए नहीं हैं। भारत ने भी फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने और खरीद बढ़ाने को लेकर खुलापन दिखाया है।

पॉजिटिव संकेत ये संकेत काफी पॉजिटिव हैं। खुद ट्रंप भी यह समझते हैं और उन्होंने कहा भी है कि हर देश ये बातें अपने राष्ट्रहित के आधार पर ही तय करता है। साफ है कि आने वाले दिनों में दोनों पक्षों की बातचीत काफी महत्वपूर्ण होगी। इस बातचीत से पॉजिटिव नतीजों की उम्मीद ना करने की कोई वजह नहीं है।

# अदाणी पोर्ट्स का मुनाफा तीसरी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़ा

## वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीने में कमाए 8,038 करोड़ रुपये

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने गुरुवार को ऐलान किया कि कंपनी का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 2,518 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 24 की समान अवधि में 2,208 करोड़ रुपये था।




तीसरी तिमाही के दमदार नतीजों के बाद वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में कंपनी का मुनाफा वित्त वर्ष 24 की समान अवधि के 6,089 करोड़ रुपये से 32 प्रतिशत बढ़कर 8,038 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी द्वारा वित्त वर्ष 25 के लिए अपनी एबिटा गाइडेंस को बढ़ाकर 18,800-18,900 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो कि पहले 17,000- 18,000 करोड़ रुपये था। अदाणी पोर्ट्स ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में कंपनी की आय 14 प्रतिशत और एबिटा 19 प्रतिशत बढ़ा है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ, अश्विनी गुप्ता ने कहा कि मैं वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीने के दौरान हासिल की गई शानदार गति को साझा करने के लिए उत्साहित हूं। कंपनी के कारोबार में यह बढ़त वॉल्यू-प्राइस के मिश्रण से मार्केट शेयर में वृद्धि होने, लॉजिस्टिक्स वर्टिकल के बढ़ने और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के कारण ऑपरेशनल दक्षता का परिणाम है। वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में कंपनी की आय सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 22,590 करोड़ रुपये हो गई है। इस दौरान कंपनी की पोर्ट्स से आय 11 प्रतिशत बढ़कर 17,172 करोड़ रुपये और लॉजिस्टिक्स से आय 22 प्रतिशत बढ़कर 1,852 करोड़ रुपये हो गई है। एपीएसईजेड का इस वित्त वर्ष के नौ महीनों में कार्गो वॉल्यूम सालाना आधार पर 7 प्रतिशत बढ़कर 332 मिलियन मैट्रिक टन हो गया है। इस दौरान कंटेनर कार्गो वॉल्यूम में 19 प्रतिशत से अधिक, लिक्विड और गैस में 8 प्रतिशत से अधिक और ड्राई एवं ड्राई बल्क कार्गो (लौह अयस्क, चूना पत्थर, खनिज, कोकिंग कोयला, आदि) में वृद्धि दर्ज की गई है। नवंबर के महीने में मुंद्रा पोर्ट ने 396 जहाजों को संभाला और 845 जहाजों की आवाजाही हुई है। मुंद्रा पोर्ट ने महीने के दौरान एक ही खेप में रिकॉर्ड 5,405 कारों का निर्यात भी किया।

# फरवरी में ब्याज दरों में कटौती से अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार: इंडस्ट्री




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं और फरवरी की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती करना उचित है। यह जानकारी गुरुवार को इंडस्ट्री के सदस्यों द्वारा दी गई। एंजेल वन में आयनिक वेल्थ की मुख्य मैक्रो और ग्लोबल रणनीतिकार, अंकिता पाठक ने कहा कि केंद्रीय बैंक द्वारा फरवरी में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करना उचित फैसला रहेगा। आरबीआई पहले ही बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय लागू कर रहा है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने कहा कि आने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी की बैठक में सकारात्मक फैसले देखने को मिल सकते हैं और इससे विकास को बढ़ावा मिलेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की बैठक 5 से 7 फरवरी के बीच होगी और इसके फैसलों का ऐलान 7 फरवरी को किया जाएगा। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए उठाए गए कदम काफी सकारात्मक हैं। हाल ही में आरबीआई द्वारा की गई घोषणा से आने वाले हफ्तों में (फरवरी के अंत तक) बैंकिंग सिस्टम में 1.5 लाख करोड़ की लिक्विडिटी आएगी। इससे पहले आरबीआई ने दिसंबर की एमपीसी में कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 0.5 प्रतिशत घटाने का फैसला किया था, जिससे बैंकों के पास अधिक धन उपलब्ध हो। हालांकि, इस दौरान रेपो रेट को स्थिर रखा गया था। अमेरिकी फेड रिजर्व की ओर से जनवरी में ब्याज दरों को 4.25 प्रतिशत से लेकर 4.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों और उनके प्रभाव पर अनिश्चितता के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक निकट भविष्य में ब्याज दरों को कम करने की जल्दबाजी में नहीं है। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचालकर ने कहा, एक मजबूत श्रम बाजार और लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था ने फेड को आने वाले आंकड़ों का आकलन करने के लिए पर्याप्त समय दिया है। फेड का मानना है कि दरों में कटौती के अगले दौर के लिए महंगाई के दबाव में महत्वपूर्ण गिरावट देखी जानी चाहिए।

# केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एमएसएमई को आगे बढ़ने के लिए नई स्कीम को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग एमएसएमई (एमसीजीएस-एमएसएमई) के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत पात्र फर्मों को प्लांट और मशीनरी या उपकरण की खरीद के लिए 100 करोड़ रुपये तक के लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह योजना उपकरण या मशीनरी की खरीद के लिए एमसीजीएस-एमएसएमई के तहत पात्र एमएसएमई को स्वीकृत 100 करोड़ रुपये तक की क्रेडिट सुविधा के लिए, सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान करेगी। योजना के अनुसार, उधार लेने वाली संस्था वैध उद्यम पंजीकरण संख्या के साथ एक एमएसएमई होना चाहिए और ऋण राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उधार लेने वाली संस्था की परियोजना लागत योजना में तय राशि से भी अधिक हो सकती है और उपकरण या मशीनरी की न्यूनतम लागत परियोजना लागत का 75 प्रतिशत होनी चाहिए। स्कीम के अनुसार, योजना के तहत 50 करोड़ रुपये तक के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि 8 वर्ष तक होगी और मूल किस्तों पर 2 वर्ष तक का मोरेटोरियम पीरियड होगा। 50 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के लिए पुनर्भुगतान की अधिक अवधि और मूल किस्तों पर अधिक मोरेटोरियम पीरियड पर विचार किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार, ऑपरेशनल गाइडलाइन जारी होने से चार साल की अवधि तक या संचयी रूप से 7 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने, दोनों में से जो भी पहले हो, स्कीम जारी रहेगी। यह स्कीम एमसीजीएस-एमएसएमई के तहत स्वीकृत सभी ऋणों पर लागू होगी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर वर्तमान में देश की जीडीपी का 17 प्रतिशत है।




# सेंसेक्स 226 अंक बढ़कर हुआ बंद

## फार्मा और रियल्टी शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के सभी मुख्य सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 226.85 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,759.1 और निफ्टी 86.40 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,249.50 पर था। समग्र स्तर पर भी बाजार में खरीदारी देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,149 शेयर हरे निशान में, 1,800 शेयर लाल निशान में और 125 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सपाट कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 4.80 अंक की मामूली गिरावट के साथ 52,714.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 19.95 अंक की तेजी के साथ 16,560 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल और मीडिया इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए। फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एशियन पेंट्स, एचयूएल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, एनटीपीसी, सनफार्मा, एसबीआई, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, जोमैटो, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और एलएंडटी टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि सपाट शुरूआत के बाद निफ्टी के लिए 23,050, फिर 22,950 और 22,800 एक अहम सपोर्ट होगा। वहीं, 23,250 एक अहम रुकावट का स्तर है। अगर यह ब्रेक होता है तो 23,400 और फिर 23,500 के भी स्तर देखने को मिल सकते हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,586 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,792 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत सपाट हुई थी। सुबह 9:26 पर सेंसेक्स 5 अंक की मामूली गिरावट के साथ 76,537 और निफ्टी 20 अंक की तेजी के साथ 23,183 पर था।



## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग कि ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकते हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पतलू - भाई कहां जा रहे हो?
चंटू - यार, सुना है सोने में भारी गिरावट आई है, तो सोने जा रहा हूं।
पतलू - तुझसे ऐसा किसने कहा?
चंटू - अरे कल ही न्यूज में सुना, सोने में काफी गिरावट आई है पहले लोग 6 घंटे सोते थे अब मोबाइल फोन के कारण 5 घंटे ही सोते हैं।

---

पत्नी- चलो आज एक गेम खेलते हैं।
पति- ठीक है।
पत्नी- जब मैं कलर का नाम लूं, तो तुम बाई दीवार को हाथ लगाना और फल का नाम लूं, तो दाहिनी दीवार को हाथ लगाना।
पत्नी- जो हारेगा वो जीतने वाले की हर बात मानेगा और वो भी जिंदगी भर।
पत्नी- ठीक है तो शुरू करते हैं... 'ऑरेंज'
अब पति बेचारा तीन दिन से सोच में पड़ा हुआ है कि पत्नी कलर बोली या फल !

# 31 01 2025 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन

# आज के जन्मदिन



प्रीति जिंटा (अभिनेत्री)

आदविक वैद्य नोड्डी, ईशान राणा, लक्षित शर्मा, कविता, खुशी, मधु शर्मा, मानसी त्यागी, गौरव भड़ाना, अतुल अत्री, दीपक शर्मा, देवेन्द्र सैन, सनित, पंकज तोमर, वरूण शर्मा, वसीम मौहम्मद, योगेश त्यागी, आसिफ चौधरी, प्रदीप शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले बीसीसीआई अधिकारी राजीव शुक्ला और विराट कोहली

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय स्टार विराट कोहली के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया पर बैठक की एक तस्वीर साझा की।

शुक्ला, जो बीसीसीआई के उपाध्यक्ष हैं, ने एक्स पर अपनी मुलाकात की एक झलक साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति धनखड़ जी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। विराट कोहली की संगति पाकर बहुत खुशी हुई।

उम्मीद है कि यह मुलाकात अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच से पहले हुई, जो गुरुवार को शुरू हुआ।



इस मैच से कोहली ने 12 साल बाद घरेलू सेटअप में वापसी की। इस अनुभवी बल्लेबाज ने दिल्ली के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। लेकिन बीसीसीआई की नीति के अनुसार भारतीय खिलाड़ियों को जब भी संभव हो घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए, कोहली रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेलते हैं।

कोहली की भागीदारी रणजी ट्रॉफी मैच में कोहली की भागीदारी ने अरुण जेटली स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया। उत्तर और पश्चिम स्टैंड की बाउंड्री रोप के पास पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी घुसपैठिया अंदर न आ सके, खासकर 12वें ओवर के दौरान एक उत्सुक प्रशंसक कोहली के पैर छूने के लिए उत्तर स्टैंड से भागा।

सूत्रों ने यह भी कहा कि उन्होंने 80 के दशक में दलीप ट्रॉफी के बाद नई दिल्ली में घरेलू लाल गेंद के मैच में इतने अधिक दर्शकों को कभी नहीं देखा, जहां कपिल देव और सुनील गावस्कर क्रमशः उत्तर और पश्चिम क्षेत्रों के लिए खेले थे, जो भारतीय क्रिकेट में कोहली के आकर्षण को दशार्ता है।

# ख्वाजा टेस्ट में दोहरा शतक लगाने के साथ ब्रैडमैन की श्रेणी में पहुंचे

**गाले ।** उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले 38 साल से अधिक उम्र के दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनकर दिग्गज डोनाल्ड ब्रैडमैन के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया है। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ख्वाजा ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया।

ख्वाजा श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले उन्होंने कोलंबो में 2004 में जस्टिन लैंगर द्वारा बनाए गए 166 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था, जो श्रीलंका में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था।



इसके अलावा, वह 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के प्रसिद्ध 201 नाबाद के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए। टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले अन्य खिलाड़ी मैथ्यू हेडन (चेन्नई में भारत के खिलाफ नाबाद 201), डीन जोन्स (1986 में मद्रास में बराबरी पर रहे टेस्ट में भारत के खिलाफ 210), ग्रेग चैपल (1980) में फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ 235 और मार्क टेलर (1998) में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ (334 नाबाद) हैं।

ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 482/3 पर बल्लेबाजी कर रहा है, जिसमें ख्वाजा (208*) और डेब्यूटेंट जोश इंगलिस (47*) मध्यक्रम में नाबाद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन बारिश के कारण समय से पहले खेल समाप्त होने के बाद 15 मिनट पहले खेल शुरू करके 330/2 से फिर से शुरूआत की। ख्वाजा और कप्तान स्टीव स्मिथ ने पिछली शाम को जहां से छोड़ा था, वहीं से आगे बढ़ते हुए तीसरे विकेट के लिए 266 रन की साझेदारी की, जो श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी टेस्ट साझेदारी है।

मेहमान टीम ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर रन आउट के मौके को चूकने के बाद ओवरथ्रो के साथ 400 रन का आंकड़ा पार किया, जिससे ख्वाजा 177 रन बनाकर आउट हो जाते।

# लाबुशेन, हेड या कोंस्टास 10,000 रन बनाने वाले अगले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हो सकते हैं : स्मिथ

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, जिन्होंने 10,000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बनकर सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज कराया, ने कहा है कि मार्नस लाबुशेन, ट्रैविस हेड और युवा प्रतिभाशाली सैम कोंस्टास में से कोई एक बल्लेबाज इस उपलब्धि को हासिल करने वाला पांचवां ऑस्ट्रेलियाई हो सकता है।



35 वर्षीय स्मिथ बुधवार को एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के बाद 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन गए। कुल मिलाकर, वह 10,000 पुरुष टेस्ट रन पार करने वाले सिर्फ 15वें खिलाड़ी बन गए।

स्मिथ ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड को बताया, यह एक अच्छा सवाल है। मुझे लगता है कि कुछ लोग निश्चित रूप से इसे पूरा कर सकते हैं। मार्नस (लाबुशेन) लगभग आधे रास्ते पर हैं। ट्रैविस (प्रमुख) संभावित रूप से। (सैम) कोंस्टास 19 साल के हैं और वे संभावित रूप से लंबे समय तक खेल सकते हैं।

स्मिथ ने अपने 115वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वे मैच खेलने के मामले में अपने ऑस्ट्रेलियाई पूर्ववर्तियों में सबसे तेज बन गए।

जबकि पोंटिंग ने कम पारियों (196) में यह उपलब्धि हासिल की, स्मिथ (205 पारियां) अभी भी मील के पत्थर तक पहुंचने की गति के मामले में वॉ (244 पारियां) और बॉर्डर (235 पारियां) से आगे हैं।

स्मिथ ने स्वीकार किया कि पिच की बदलती परिस्थितियों के कारण अब 10,000 टेस्ट रन तक पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की सतहें गेंदबाजों के लिए अधिक अनुकूल हो गई हैं, जिससे बल्लेबाजों के लिए बड़े स्कोर बनाना मुश्किल हो गया है।

स्मिथ ने कहा, आंकड़ों से पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया में सभी बल्लेबाजी औसत नीचे आ रहे हैं, और गेंदबाजी औसत भी घट रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में हमने जिन विकेटों पर खेला है।

वे कठिन रहे हैं, खासकर शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों के लिए। बड़े रन बनाने और शतक बनाने के लिए आपको बहुत किस्मत की जरूरत होती है।

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए टीम घोषित की, अंगद, अर्शदीप सीनियर टीम में शामिल

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण से पहले 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे, जबकि उनके साथ डिप्टी हार्दिक सिंह होंगे। भारत अपने अभियान में 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम के साथ दो-दो मैच खेले जाएंगे।

जूनियर टीम और मौजूदा हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन ने 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया है।

टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह शामिल हैं। जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच डिफेंस में तैनात रहेंगे।

मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह हैं।

# एसए20 : एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह

**केपटाउन ।** एमआई केपटाउन ने अपनी बेहतरीन फील्डिंग, गेंदबाजी और बल्लेबाजी के दम पर सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 10 विकेट से हराकर पहली बार एसए20 प्लेऑफ में जगह बना ली।

अब वे 4 फरवरी को सेंट जॉर्ज पार्क, गकेबरहा में पार्ल रॉयल्स से भिड़ेंगे। जो भी टीम जीतेगी, वह 8 फरवरी को वांडरर्स में फाइनल खेलेगी।

एमआई केपटाउन ने शुरूआत से ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश और रीजा हेंड्रिक्स ने शानदार कैच पकड़कर सनराइजर्स को सिर्फ 109 रन पर रोक दिया।



ब्रेविस का एक हाथ से लिया गया कैच खास रहा, जिसे देखकर दर्शक दंग रह गए। वह हवा में उड़ते हुए कैच पकड़ने के बाद जमीन पर गिरते ही बाउंड्री लाइन से बस कुछ इंच दूर रुके।

एमआई केपटाउन के राशिद खान ने कहा, ₹फील्डिंग इस फॉर्मेट में बहुत जरूरी है। हमने मैच से पहले ही इसे लेकर चर्चा की थी। फील्डिंग से हम गेम में आगे रहे। ग्राउंड फील्डिंग कमाल की रही और बोनस अंक लेना व टॉप-2 में रहना हमारे लिए अहम था। टीम के लिए अच्छा महसूस हो रहा है। हमने चीजों को आसान रखा और आनंद उठाया। एक टीम के रूप में हमारे कुछ साल काफी मुश्किल रहे हैं। इसलिए हमने केवल मूलभूत चीजों को सही रखने और लुत्फ उठाने पर फोकस किया, फील्डिंग में अधिक प्रयास करना भी बातचीत का हिस्सा था, जो पिछले दो साल में हुआ, वह भूलना जरूरी था।

एमआई केपटाउन के गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कॉर्बिन बॉश ने अपने एसए20 करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि कगिसो रबाडा ने 2 विकेट झटके।

सनराइजर्स की ओर से डेविड बेडिंघमने 45 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दूसरे बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। उनकी टीम 107 रन पर ही सिमट गई।

जवाब में एमआई केपटाउन के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन (59*) और रासी वैन डेर डुसेन (48*) ने 110 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को आसानी से जीत दिला दी।

वैन डेर डुसेन ने पहले ही ओवर में चौका और छक्का जड़कर जीत की नींव रखी, जबकि रिकेल्टन ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। हालांकि, डुसेन सिर्फ 2 रन से अपना अर्धशतक चूक गए।

अब सनराइजर्स को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने आखिरी लीग मैच में पार्ल रॉयल्स को हराना जरूरी होगा।

# ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने की सभी 12 फ्रेंचाइजी के कप्तानों की घोषणा

**गुरुग्राम (हरियाणा) ।** बहुप्रतीक्षित ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने गुरुवार को पुरुषों और महिला फ्रेंचाइजी के लिए कप्तानों की घोषणा कर दी है। कबड्डी को वैश्विक स्तर पर एक पहचान दिलाने वाली इस लीग में मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान और पोलैंड जैसे कई देशों की भागीदारी देखी जा सकेगी।

जीआई-पीकेएल के उद्घाटन सत्र में छह महिला और छह पुरुष टीमों को शामिल किया गया है। सभी टीमें भारत की संस्कृति और भाषाई समृद्धि का प्रतिनिधित्व करती हैं। टीमों को उनकी क्षेत्रीय पहचान के हिसाब से नामित किया गया है।




**पुरुष टीमें :** मराठी वल्चर्स, भोजपुरी लेपर्ड, तेलुगु पैंथर्स, तमिल लायंस, पंजाबी टाइगर्स, हरियाणवी शार्क

महिला टीमें: मराठी फाल्कन्स, भोजपुरी लेपर्ड, तेलुगु चीतास, तमिल लायंस, पंजाबी टाइग्रेस, हरियाणवी ईगल्स

जहां शिव प्रसाद को भोजपुरी लेपर्ड की कमान सौंपी गई है, तो वहीं विकास दहिया हरियाणवी शार्क का नेतृत्व करेंगे। मराठी वल्चर और पंजाबी टाइगर्स ने क्रमशः कपिल नरवाल और साविन नरवाल को कप्तान नामित किया है। सुनील नरवाल तमिल लायंस और संदीप कंदोला तेलुगु पैंथर्स का नेतृत्व करेंगे। वहीं महिला टीमों की बात की जाए तो पुष्पा राणा हरियाणवी ईगल्स तो मीना कादियान भोजपुरी लेपर्ड का नेतृत्व करेंगी। मराठी फाल्कन्स और पंजाबी टाइग्रेस ने क्रमशः तनु शर्मा और मीरा को कैप्टन के रूप में चयनित किया है ।

# इंगलिस ने श्रीलंका के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाया

**गाले ।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जोश इंगलिस ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपने पहले टेस्ट मैच में 93 गेंदों पर 102 रनों की तूफानी पारी खेली।

इंगलिस ने अपना पहला टेस्ट शतक सिर्फ.90 गेंदों पर पूरा किया, जिससे यह क्रिकेट इतिहास में टेस्ट डेब्यू पर दूसरा सबसे तेज शतक बन गया, इससे पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 2013 में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों पर शतक बनाया था।



वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की, उन्होंने एक गेंद को बैकफुट से मारकर तीन रन लिए और अपना शतक पूरा किया। हालांकि, इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए, जब मेहमान टीम 600 के करीब पहुंच रही थी, तब लय बनाए रखने की कोशिश में उन्होंने कवर पर कैच लपका और 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की। 29 वर्षीय यह खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी में तीसरा शतक बनाने वाला खिलाड़ी बना। इससे पहले दिन में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (232) ने स्टीव स्मिथ के 141 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया। इंगलिस, जिनकी उपलब्धि ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक दिलचस्प चलन को जोड़ा- टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले पिछले तीन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सभी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से थे।

# ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को अबू धाबी ओपन क्वालीफायर के लिए वाइल्डकार्ड मिला

**अबू धाबी ।** ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को अबू धाबी ओपन के प्रारंभिक चरण के लिए वाइल्डकार्ड मिला है और वह 2021 यूएस ओपन में ऐतिहासिक जीत के बाद पहली बार क्वालीफाइंग ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं।

22 वर्षीय खिलाड़ी, जो ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इतिहास की पहली क्वालीफायर बन गई हैं, शनिवार को डब्ल्यूटीए 500 इवेंट के लिए क्वालीफाइंग शुरू होने पर अपना अभियान शुरू करेंगी।



वर्तमान में विश्व में 56वें स्थान पर काबिज राडुकानू अपने 2024 सीजन की मिली-जुली शुरूआत के बाद लय हासिल करना चाहती हैं। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंची थीं, लेकिन इस सप्ताह की शुरूआत में सिंगापुर ओपन में क्रिस्टीना बुक्सा से तीन घंटे के कठिन पहले दौर में हार गईं।

अब, उन्हें अबू धाबी में एक और परीक्षा का सामना करना है, जिसमें दुनिया की कई बेहतरीन महिला खिलाड़ी शामिल हैं। एलेना रिबाकिना अपने खिताब का बचाव करेंगी, जबकि बेनकिक 2023 में उद्घाटन कार्यक्रम जीतने के बाद पहली बार अबू धाबी में खेलेंगी।

इस क्षेत्र में कसात्किना, ब्राजील की बीट्रिज हदाद माइया, स्पेन की पाउला बडोसा और ट्यूनीशिया की जबूर भी शामिल हैं, जिन्हें स्थानीय प्रशंसकों से मजबूत समर्थन मिलने की उम्मीद है।

अपनी चुनौतियों में इजाफा करते हुए, राडुकानू स्वास्थ्य कारणों से निक कैवाडे के जाने के बाद पूर्णकालिक कोच के बिना टूर्नामेंट में प्रवेश कर रही हैं। वह वर्तमान में फिटनेस ट्रेनर युताका नाकामुरा के साथ यात्रा कर रही हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक नए कोचिंग अपॉइंटमेंट की घोषणा नहीं की है।

चार साल पहले न्यूयॉर्क में अपनी शानदार जीत के बाद से, जहां उन्होंने लगातार दस मैच जीते थे - जिसमें क्वालीफाइंग में तीन मैच भी शामिल थे - बिना कोई सेट गंवाए, राडुकानू ने उतार-चढ़ाव वाले फॉर्म और चोटों का अनुभव किया है।

# स्मिथ 40 की उम्र तक खेल सकते हैं : इयान हीली

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली का मानना है कि अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की श्रीलंका के खिलाफ गाले में बल्लेबाजी देखने के बाद उन्हें लगता है कि स्मिथ 40 की उम्र तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल सकते हैं।

स्मिथ ने गाले में पहली पारी में 10,000 टेस्ट रन का मील का पत्थर हासिल किया, जहां उन्होंने 141 रन बनाकर इस प्रारूप में अपना 35वां शतक भी पूरा किया।



मैं बहुत खुश था, उसने अपनी पीठ थपथपाई। मुझे लगा कि वह स्पष्ट सोच रखता है, और वह गेंद को खूबसूरती से टाइम कर रहा था, यहां तक कि अपने डिफेंस में भी। मैं कह रहा हूं कि वह अब 40 तक खेल सकता है।"

हीली ने एसईएनक्यू से कहा, उनके सामने बहुत कुछ है।₹ 35 वर्षीय खिलाड़ी एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के साथ 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि तीनों ही टेस्ट टीम के कप्तान थे जब उन्होंने अपना 10,000वां रन बनाया था। अपनी 205वीं पारी में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या की गेंद पर मिड-ऑन पर सिंगल लेकर 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले पारी के हिसाब से पांचवें सबसे तेज बल्लेबाज बने।

स्मिथ ने 55 से ज्यादा की औसत से 10000 रन बनाए हैं, श्रीलंका के बल्लेबाज कुमार संगकारा 10,000 के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिनका औसत 57.40 है। सक्रिय खिलाड़ियों में सिर्फ.जो रूट के 12,972 टेस्ट रन स्मिथ से ज्यादा हैं। मैचों की बात करें तो सिर्फ. ब्रायन लारा (111) ही स्मिथ के 115 से कम टेस्ट मैचों में इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं। लारा, सचिन तेंदुलकर, कुमार संगकारा (सभी ने 195 पारियाँ लीं) और रिकी पोंटिंग (196) ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने कम पारियों में यह मुकाम हासिल किया है।

स्मिथ ने बुधवार को गाले में पहले दिन नाबाद 104 रन बनाए, यह उनका 35वां टेस्ट शतक था, जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले टेस्ट में 330/2 का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। दूसरे दिन उनकी 141 रनों की विशाल पारी समाप्त हुई।

उस्मान ख्वाजा (जो 204 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरे दिन लंच तक 475/3 पर पहुंचाया।

# हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर प्रस्तावित आरओबी का व्यापारियों ने किया विरोध, दुकानें बंद कर व धरना देकर जताया विरोध





**मोदीनगर।** मोदीनगर शहर के लिये जाम का नासूर बन चुके हापुड़ रोड स्थित रेलवे फाटक पर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) बनाने की योजना की तैयारी जंहा एक तरफ अपनी पूरी चरम सीमा पर है। इसके लिये प्रशासन व रेलवे विभाग द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उधर, स्थानीय व्यापारियों ने मुआवजा व अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। जिसकों लेकर इस योजना को ग्रहण लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।, क्योकि मामला व्यापारियों के हितों से जुड़ा है। आईये बात करते है कि आखिर मामला क्या है--

बताते चले कि मोदीनगर के हापुड़ रोड स्थित रेलवे फाटक से हर एक मिनट में कम से कम चार वाहन निकलते हैं। लेकिन बार बार फाटक बंद होने के कारण यहां पर भीषण जाम लग जाता है। अनेक मौकों पर तो एक साथ तीन या चार ट्रेन निकलने के बाद फाटक खुलता है और जाम करीब एक से दो किलोमीटर लंबा हो जाता है। वहीं, इसी कारण दिल्ली-मेरठ रोड पर भी जाम लग जाता है। इससे निजात दिलाने के लिए तत्कालीन सांसद डॉ0 सत्यपाल सिंह व विधायक डॉ0 मंजू शिवाच के प्रयास से आरओबी को हरी झंडी मिल चुकी है, और आरओबी निर्माण के लिये एस्टीमेट भी तैयार हो चुका है। इसके ऊपर कुल 148 करोड़ रुपये लागत आने की संभवना है। इसी पैसे से जमीन का अधिग्रहण भी किया जायेगा। दुकानों व बिजली की लाइनों को हटाने के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

निर्माण कार्य शुरू होने के संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के अधिकारी बताते हैं कि सर्वे कार्य हो चुका है। यूपी सरकार की जमीन के अतिरिक्त अलग जो जमीन ली जायेगी, उसके बदले मुआवजा दिया जायेगा।

हापुड़ रोड़ से लेकर मेरठ-दिल्ली मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों के प्रतिष्ठान है। गतदिनों इन प्रतिष्ठानों को अपनी भूमि के समस्त अभिलेख पालिका व संबन्धित विभाग में जमा करायें जाने के लिये नोटिस भी जारी किये जा चुके है। इसके बाद से व्यापारी खासे परेशान व संशय में है। दरसल, यंहा व्यापार करने वाले कुछ व्यापारी तो वर्षों से किरायें पर रहते चले आ रहे तो वही कुछ व्यापारियों के अपने प्रतिष्ठान है। उनके सामने आरओबी के निर्माण व दुकानों के तोड़ने जाने के बाद से रोजी रोटी का संकट पैदा हो जायेंगा। उनका कहना है कि जो व्यापारी वर्षों से किराये पर रहते चले आ रहे है सरकार उनको मुआवजे की राशी नही देंगी और ना ही उनका कोई ठिकाना ही रहेंगा। जिससे उनके सामने तो रोजी रोटी के ही लाले पड़ जायेंगे, ऐसे वह जाये तो कहा जायें और करे तो क्या करें। दूसरे तरफ जो व्यापारी यंहा अपनी भूमि पर कारोबार कर रहे है उनके सामने भी कारोबार का संकट पैदा हो जायेंगा, उन्हें अपने प्रतिष्ठानों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिये किस स्थान पर दुकानें आवंटित की जायेंगी। इसका भी कोई जबाब प्रशासन व्यापारियों को दें। इसके अलावा अधिकतर प्रतिष्ठान वर्षों से किराये पर संचालित है, ऐसे में उन किरायेदार व्यापारियों के सामने तो घोर सकंट की स्थिती पैदा हो गई है। इन सब बातों को लेकर सैकड़ों व्यापारियों ने वीरवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रख दुकानों के सामने काला बैनर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से समस्या के निस्तारण के साथ ही बर्तमान में जारी आरओबी मानचित्र पर अपनी असंतुष्टि जाहिर की है। अभी तक प्रशासन ने व्यापारियों की इस समस्या को लेकर कोई सार्थक पहल नही की है। जिसको लेकर व्यापारियों में खासा रोष है।

# जुआ खेलते 11 गिरफ्तार, 70 हजार कैश और 10 मोबाइल फोन बरामद ओकेजनली खेलते थे जुआ



**नोएडा।** नोएडा में जीत हार की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले 11 लोगों को थाना फेज-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग गढ़ी चौखंडी के एक झुग्गी में जुआ खेलते थे। ये यहां अक्सर ओकेजनली ही जमा होते थे। मुखबीर से जानकारी मिलने के बाद यहां छापा मारा गया। जिसके बाद इनकी गिरफ्तारी की गई। इनके पास से 10 मोबाइल फोन और करीब 70 हजार रुपए कैश बरामद किया गया।

प्लास्टिक से ढककर झोपड़ी में चल रहा जुआ डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस 3 पुलिस ने ग्राम गढी चौखंड में छापा मारा। यहां प्लास्टिक की पन्नी से ढकी एक झुग्गी में जुआ खिलाया जा रहा था। इसकी जानकारी पहले भी मिली थी। लेकिन इस बार पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद छापा मारा गया। जिन 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान पंचम सिंह, विनोद, सुन्दर जाटव, राजू, विनीत चौहान, वसंत, तरुण कुमार साहनी, बबलू, दुलारे, चमन पाल और सुनील हुई है।

छापेमारी के दौरान खेल रहे थे जुआ जिस दौरान छापेमारी की गई जुआ चल रहा था। ऐसे में मेज पर रखे करीब 27500 रुपए व तलाशी से 42028 रुपए बरामद किए गए। इसके अलावा ताश की गड्डी भी मिली है। इन सभी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# साइबर क्राइम चुनौतियाँ और समाधान विषय पर सेमिनार आयोजित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रोटरी क्लब गाज़ियाबाद में साइबर क्राइम चुनौतियाँ और समाधान विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानन्द ने साइबर अपराध से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे बचने के उपायों पर मार्गदर्शन किया। एडीसीपी क्राइम ने बताया कि गाज़ियाबाद के सभी थानों में पाँच लाख रूपये तक के साइबर फ्राड के मुकदमे दर्ज कराये जा सकते है और पाँच लाख रूपये से अधिक के साइबर क्राइम के लिये कोतवाली, गाज़ियाबाद में खुले साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है। पीड़ित व्यक्ति 1930 साईबर हेल्पलाइन नम्बर या ऑनलाइन भी सूचना देकर सहायता ले सकता है।

उन्होंने बताया कि गाज़ियाबाद मे 28 फरवरी 2024 में साइवर थाना खोला गया था और अब तक 11 माह मे कुल 380 मुकदमे, लगभग 100 करोड़ के दर्ज हुए हैं, इनमें से अब तक 20 करोड़ वापस कराये जा चुके है, शेष पर कार्यवाही जारी है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानन्द ने कहा कि हमें साइबर क्राइम के प्रति सजग रहने कि आवश्यकता है। इसके लिये वॉट्सऐप पर साइबर दोस्त चैनल फोलो करने की सलाह दी। इस चैनल पर प्रतिदिन पूरे देश में हो रहे साइवर क्राइम की जानकारी दी जाती है, जिसे देखकर आप सतर्क हो सकते हैं और साइबर क्राइम के नये तरीकों के प्रति जागरूक हो कर ठगी से बच सकते है।

कार्यक्रम में सहायक गवर्नर मनोज गर्ग, राजीव शर्मा,में विशेष रूप से अंजू अग्रवाल, रेखा गर्ग, दीपिका रोहतगी, शिखा माहेश्वरी, चम्पा जिन्दल, उर्मिल अग्रवाल, निर्मल गोयल, सरोज बंसल, नीलम गर्ग, तुलिका गर्ग, अनिता भारद्वाज, प्रिति सिंह ,रीमा गुप्ता, अंजू कहोली, अर्चना अग्रवाल, अर्चना गुप्ता, रेनू अग्रवाल, अंजलि मित्तल, मनीषा गर्ग, नीलम गर्ग, और प्रति सिंघल ,रो० नीरज गुप्ता, , योगेश गर्ग, संजय अग्रवाल ,राजेश अग्रवाल, कैलाश गोयल , सहदेव भारद्वाज, पवन गुप्ता, कुलदीप रोहतगी, विजय जिन्दल, अनिल गर्ग, संजय गर्ग, के.के. कहोली , बी. के. बंसल, श्याम कोहली ,सतीश गर्ग, अरविन्द गर्ग, अशोक अग्रवाल, सी.एम.ढल, कुलदीप रोहतगी, मोतीलाल अग्रवाल, सतीश चन्द्र, सहदेव भारद्वाज, शरद मित्तल, सुनील कुमार, विकास सिघल, विनीत कुमार आदि ने भाग लिया।

# मोदीनगर बार एसोसिएशन ने किया कोर्ट का बहिष्कार



**मोदीनगर।** बार एसोसिएशन मोदीनगर की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उत्तम कुमार त्यागी व संचालन सचिव सौरभमुदगल द्वारा किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी डॉ० पूजा गुप्ता के न्यायालय के चल रहे बहिष्कार को लेकर सभी अधिवक्तागणों ने सयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी न्यायालय के बहिष्कार को जारी रखने का निर्णय लिया। जल्दी ही अधिवक्ताओ का एक प्रतिनिधि मंण्डल जिलाधिकारी से मिलकर उपरोक्त समस्याओं से अवगत करायेंगा। इसके बाद अधिवक्ता ने नारेबाजी करते हुये न्यायालय का बहिष्कार किया ।इस दौरान अधिवक्ता जगपाल सैनी, उन्मेश शर्मा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर शर्मा, राजकुमार गुप्ता, रविन्द्र चैधरी, राजकुमार चैधरी, जगवीर सिहं, तेजवीर सिहं, प्रवीण कुमार, धीरज कौशिक, अनुराग गुप्ता, कपिल त्यागी, निशान्त त्यागी, सहन्सरपाल सिहं, ओमवीर सिहं, विक्रान्त चैधरी, सचिन दीक्षित, राजकुमार त्यागी, रामकुमार चैधरी, अनिल चैधरी, अरूण शर्मा, विनोद तैवतिया, कुलदीप बंसल, अशोक चैधरी, विनोद पाल, संजीव शर्मा, नरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र सिहं, ताराचन्द, सुदेश शर्मा, जयसिहं, अरविन्द सिहं, संजीव चिकारा, ब्रजवीर सिहं आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 78वीं पुण्यतिथि पर शत शत नमन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरुवार को सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने जगदीश नगर स्थित कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को 78 वीं पुण्यतिथि पर याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। 30 जनवरी 1948 को आजादी में अपना कोई योगदान न देने वाले संगठन के नेताओं ने नाथूराम गोडसे ये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या करवा दी थी। राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के संयोजक व संस्थापक सतेन्द्र यादव ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा महात्मा गांधी के प्रयोग और विचारों द्वारा ही हम शक्तिशाली भारत बना सकते हैं। राष्ट्रपिता गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए मनोज कुमार शर्मा ने कहा वे लोग जिनका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था और आज सत्ता में बैठे हैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस अन्य क्रांतिकारियों के बीच विभेद पैदा करने में लगे हैं जबकि महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता की पदवी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी ने ही दी थी और शहीद राम प्रसाद बिस्मिल जी ने भी फांसी चढ़ते हुए यही कहा था कि देश के युवाओं को महात्मा गांधी के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। श्रद्धांजलि देते हुए विनोद अकेला (प्रवक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश) ने कहा कि गाँधी जी ने देश की आजादी में विदेशी सामानों का वाहिष्कार किया और देश की जनता से कहा कि सभी स्वदेशी सामान का उपयोग करें जनता ने उनका साथ दिया और अंग्रेजों को बहुत बड़ी धन की हानि हुई। अगर आज भी गांधी जी कि इस नीति पर चला जाए तो देश का भविष्य बहुत उज्जवल होगा। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह (जिला अध्यक्ष कार्यवाहक), अनिल सिन्हा (प्रभारी बिहार, उत्तर प्रदेश), अनुपम अग्रवाल, हरिशंकर वर्मा, अभिषेक निर्वाण यादव, आकाश निर्वाण यादव, राम नरेश ठाकुर, महेश कुमार लल्लन, संजय श्रीवास्तव, विनोद अकेला, कमल बाबू, फरमान, राजकुमारी यादव, केकनी देवी, नुना यादव, रोहित, नवीन, विकास, हरीश, रिंकू, नसरू, अक्षय, दीपक वर्मा, प्रिंस, विवेक राणा, जगदीश गोयल आदि उपस्थित रहे।

## महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त भारत का जन जीवन : हाजी आसिफ चौधरी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य एवं जीडीए बोर्ड मेंबर हाजी आसिफ चौधरी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जनता पूरी तरह गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। जनजीवन त्रस्त है और रोजमर्रा की वस्तुओं से लेकर पेट्रोल डीजल के भाव इतने बढ़ चुके हैं कि देश की जनता का अपना बजट ही गड़बड़ा गया है। लोग रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदने में असमर्थ हैं। लोग चाहते हुए भी पैसे को भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। रोजगार के नाम पर भी सरकार ने कोई ऐसा ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे कि लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके। जनता को 5 किलो राशन देकर भ्रमित कब तक किया जाता रहेगा। देश की जनता को राशन नहीं रोजगार चाहिए, जिससे कि वह अपनी जरूरत के सामान खरीदने में सक्षम हो और अपने भविष्य के निर्माण के लिए पैसे सुरक्षित कर सकें।

## सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक में आहूत

**मोदीनगर।** सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक में मोदी चीनी मिल प्रबंध तंत्र की ओर से पेराई सत्र 2023-24 का बकाया अंशदान किये जाने पर प्रशंसा जाहिर की गयी ओर समिति की दुकानों का बकाया वसूलने का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति के सभागार में चेयरमैन राजकुमार उर्फ राजन चैधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2024 का नवंबर माह तक के भुगतान का मोदी मिल प्रबंध तंत्र की ओर से शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिये गय। आश्वासन को सराहा गया। बैठक में बबलू भोजपुर, योगेंद्र चैधरी, उदयवीर चैधरी, अंकित चैधरी, मूलचंद, पामेश, उत्तम त्यागी आदि उपस्थित रहें।




## कई प्रभारी आए साइलेंट मोड पर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो लगभग दो दर्जन से ज्यादा थाना प्रभारी हैं, लेकिन इन दिनों कई ऐसे थानाध्यक्ष और प्रभारी हैं जो साइलेंट मोड पर चल रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि कमिश्नरेट में सिटी से लेकर देहात और नदिया पार का जोन भी शामिल है। सूत्र बता रहे हैं कि कई प्रभारी ऐसे हैं कि उनका मन नहीं लग रहा है। तो कई प्रभारियों की टेंशन इसलिए बड़ी हुई है कि उनपर कई अधिकारियों की अटेंशन भी लगातार ही चल रही है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि हाईवे के बराबर वाले देहात जोन के एक हाई-फाई माने जाने वाले थाने के टू-स्टार रात को ठीक से सो नहीं रहे हैं। तो सुबह की घटनाएं उनकी नींद उड़ा रही हैं। वैसे वह नदिया पार में अपना कमाल दिखा चुके हैं, अब उनपर कमिश्नरेट के एक अधिकारी की भी नजरें हैं। वहीं सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि उनके कई मामलों पर मॉनिटरिंग भी चल रही है। इसके साथ ही देहात के एक ऐसे प्रभारी पर भी अधिकारी निगरानी रख रहे हैं, जो लंबे समय से एक ही थाने पर पारी खेल रहे हैं। हालांकि उनका कोई वाद-विवाद वाला मामला अभी आउट नहीं हुआ है, पर उनकी वर्किंग को लेकर अभी फिलहाल किसी ने डाउट नहीं जाता है। इसके साथ ही नदिया पार में भी एक थाना जो बेहद हाईलाइट रहता था और वहां की घटनाएं पुलिस को टाइट किया रहती थी, वह भी साइलेंट मोड में चल रहा है। हालांकि उनके एसीपी समय-समय पर बदमाशों के साथ फाइट करवाते रहते हैं, पर थाना प्रभारी बहुत लाइट मोड पर चल रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि बीते दिनों आई एक लिस्ट के बाद अब कुछ दिनों तक प्रभारी की लिस्ट में ट्विस्ट आने की संभावना बेहद कम बताई जा रही है। हालांकि अभी देहात में एक थाना ऐसा है जहां पर हॉट सीट वाला नाम साइन होकर नहीं आया है, पर सेकंड सीट वाले से फर्स्ट वाला काम लिया जा रहा है। अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में देखना होगा कि वहां के लिए कोई संभावित नाम आता है या पुराने वाले से ही काम चलाया जाता है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों ने बताया है कि जो प्रभारी इन दिनों साइलेंट मोड पर हैं, उसमें कई नाम फरवरी लास्ट या मार्च तक साइड लाइन भी किया जा सकते हैं, ऐसी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों के हवाले से जानकारी मिल रही है।




# दवा फैक्ट्रियों की जांच के दिए आदेश

## डीएम ने बैठक में नशीले पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई की कही बात



**हापुड़।** हापुड़ में नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक में कई विभागों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आबकारी विभाग, एनसीबी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग, शिक्षा विभाग और क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को नशीले पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में स्थित दवा फैक्ट्रियों पर निरंतर निगरानी रखने और दवाओं में नशीले पदार्थों की मिलावट रोकने के लिए नियमित जांच करने का आदेश दिया।

जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल करते हुए, जिलाधिकारी ने एक शॉर्ट फिल्म बनाने का निर्देश दिया, जिसे जनपद के प्रमुख चौराहों और स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा। बैठक में पिछले महीने की गतिविधियों की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु सहित सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी और संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# 2 लाख के लिए दोस्त की हत्या, तिहाड़ जेल में हुई थी दोनों की दोस्ती, आरोपी ने शराब पिलाकर ईंट से कुचला सिर



**हापुड़।** हापुड़ में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कथित पत्रकार ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। बाबूगढ़ कोतवाली पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी विकास तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उससे कार और मोबाईल भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह के अनुसार, 13 जनवरी की सुबह गांव उपेड़ा के जंगल में एक अज्ञात शव मिला था।

जांच में मृतक की पहचान वीरेंद्र राय के रूप में हुई, जो मूल रूप से बस्ती (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था और वर्तमान में रोहिणी, नई दिल्ली में रह रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी विकास तोमर निवासी गांव बामनौली बागपत और मृतक वीरेंद्र राय की मुलाकात 2022 में तिहाड़ जेल में हुई थी। जेल से रिहा होने के बाद दोनों ने प्रॉपर्टी डीलिंग का काम शुरू किया। विकास ने पत्रकारिता भी शुरू कर दी। खचीर्ले स्वभाव के कारण विकास ने वीरेंद्र से धीरे-धीरे दो लाख रुपए उधार ले लिए। जब वीरेंद्र ने पैसों का तगादा करना शुरू किया, तो विकास ने उसकी हत्या की योजना बनाई। 12 जनवरी को उसने वीरेंद्र को शराब पिलाई और बाबूगढ़ क्षेत्र के उपेड़ा ले जाकर उसके सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रढ ने पुलिस टीम को 10 हजार का ईनाम दिया है।

# नेपाल में होगा दूसरी एशियाई महिला एवं पुरुष शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दूसरी एशियाई महिला एवं पुरुष शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 2 फरवरी को इटहरी, नेपाल में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय महिला एवं पुरुष टीमों को किट का वितरण एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र तोमर, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख, दिल्ली शूटिंग बाल एसेम्बली के अध्यक्ष वीरेंद्र सहरावत ने स्पोर्ट्स ग्राउंड महिपालपुर दिल्ली में किया गया और अच्छे प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को शुभकामना दी गई। उत्तर प्रदेश राज्य से कुणाल (मेरठ) और साक्षी गाजियाबाद भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। डॉ अनिल अग्रवाल,अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बाल फेडरेशन, चौधरी धर्मपाल सिंह, फाउंडर एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन, अंजुल अग्रवाल, अध्यक्ष शूटिंग बॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया, जीत राज तोमर, महासचिव शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए अपने शुभकामनाएं दी।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉम्लिज में जिम का उद्घाटन व शहीद दिवस का आयोजन



**मोदीनगर।** गिन्नी देवी पीजी कॉलिज में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग परिसर में अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन व इतिहास विभाग द्वारा गांधी जी की 77 वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

सर्व प्रथम दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर गांधी जी के सत्याग्रह के भारत में अफ्रीका में किस प्रकार प्रयोग किया के विषय में विस्तार से चर्चा की। इतिहास विभाग अध्यक्ष रश्मि चैधरी ने गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों से छात्रों को अवगत कराया। सभी छात्राओं, शिक्षिकाओं ने गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मिस्टर इंडिया कांस्य पदक विजेता-2022 जितेंद्र शर्मा ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर पूनम शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुल्तानी मल कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर सौरव व रितु शर्मा, ऋतु क्रिएशन उपस्थित रहे। को-ऑर्डिनेटर आशा बंसल ने बताया कि जिम छात्रों व महाविद्यालय के सभी सदस्यों के शारीरिक स्वास्थ्य व फिटनेस को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से बनाया गया है। इसमें नवीनतम कसरत उपकरण प्रशिक्षकों की सहायता व एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। शारीरिक शिक्षा विभाग की यासमीन खान व अर्थशास्त्र विभाग की डॉ0 सरिता जैन का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। वंशिका, शीतल छात्रों का विशेष आभार एमहाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग की शोभा बढ़ाई इसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# ट्रंप सरकार में नियुक्ति के लिए आज सीनेट के सामने पेश होंगी तुलसी गबार्ड, कड़े सवालों का करना पड़ेगा सामना



**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सरकार में तुलसी गबार्ड और कश पटेल को अहम जिम्मेदारियों के लिए नामित किया है**

**वॉशिंगटन ।** अब इन पदों पर नियुक्ति की पुष्टि के लिए दोनों नेता गुरुवार को सीनेट के सामने पेश होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों नेताओं को पुष्टि के लिए सीनेट सांसदों के कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत को देखते हुए दोनों की नियुक्ति की पुष्टि होने के आसार हैं।

### तुलसी गबार्ड को इन मुद्दों पर हो सकती है परेशानी

ट्रंप ने तुलसी गबार्ड को अपनी सरकार में यूएस नेशनल इंटेलीजेंस का निदेशक नामित किया है। गुरुवार को गबार्ड सीनेट की खुफिया मामलों की समिति के सामने पेश होंगी, जो उनकी नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगाएगी। तुलसी गबार्ड अमेरिकी सेना के नेशनल गार्ड विभाग में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं और दो बार पश्चिम एशिया में भी तैनात रही हैं। तुलसी गबार्ड साल 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की रेस में भी शामिल थीं, लेकिन वे सफल नहीं हो सकीं थी। तुलसी गबार्ड के पास खुफिया विभाग में काम करने या कोई भी सरकारी एजेंसी का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। इसके चलते तुलसी को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

इनके अलावा तुलसी गबार्ड ने रूस के समर्थन वाले बयान दिए, जिसमें कथित तौर पर रूस के यूक्रेन पर हमले को जायज ठहराया गया था। गबार्ड, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की आलोचना भी कर चुकी हैं। तुलसी गबार्ड ने सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद से साल 2017 में मुलाकात की थी, जिसके बाद गबार्ड की आलोचना हुई थी। तुलसी गबार्ड ने ये भी कहा था कि उन्हें संशय है कि असद ने रसायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। ये कुछ वजह हैं, जिन्हें लेकर तुलसी गबार्ड को सीनेट की पुष्टि के लिए मुश्किल सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

### कश पटेल की राह में भी आ सकती है अड़चन

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी कश पटेल को शीर्ष संघीय एजेंसी एफबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया है। हालांकि कश पटेल एफबीआई की सार्वजनिक तौर पर आलोचना कर चुके हैं और वे एफबीआई मुख्यालय को बंद करने की भी बात कर चुके हैं। कुछ सांसद कश पटेल की योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं। यही वजह है ।

# गिरिडीह में खेत से मिला चार वर्षीय बच्ची का शव, हत्या की आशंका, ग्रामीण आक्रोशित



**गिरिडीह ।** झारखंड के गिरिडीह जिला अंतर्गत गांवा प्रखंड में चार साल की एक बच्ची का शव गुरुवार को उसके घर के पास स्थित एक खेत से बरामद होने के बाद सनसनी फैल गई। बच्ची बुधवार को अपने घर के पास ही खेल रही थी और अचानक लापता हो गई थी। परिजनों और गांव के लोगों का कहना है कि बच्ची की हत्या की गई है। इसे लेकर घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

यह घटना गांवा प्रखंड के पिहरा गांव की है। बच्ची का नाम सायरा परवीन है और वह स्थानीय निवासी मो. साजिद की पुत्री थी। बुधवार दोपहर को बच्ची के अचानक लापता होने के बाद से घर वाले परेशान थे। गांव और आसपास के इलाके में पूरी रात लोग बच्ची की तलाश में भटकते रहे, लेकिन उसका पता नहीं चला।

गुरुवार की दोपहर कुछ लोगों ने घर से थोड़ी दूर पर स्थित अरहर के एक खेत में बच्ची का शव होने की सूचना दी। घटना की जानकारी होते ही सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। बच्ची के घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना पाकर गांवा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। गांव के लोगों ने पुलिस के सामने आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे हत्या का मामला बताया। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए खोरी महुआ सब-डिवीजन के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद भी गांव पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस मामले में पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन करेगी। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने घटना को लेकर गांव के कई लोगों से जानकारी ली है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि सायरा के घर वालों के साथ किसी की रंजिश तो नहीं थी। संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही है।

# शांति समझौते के बीच फलस्तीन का दावा, इस्राइली सेना ने पश्चिम तट पर किया ड्रोन हमला, 10 लोगों की मौत



**यरुशलम ।** इस्राइल-फलस्तीन के बीच एक साल से ज्यादा समय तक चले संघर्ष के बाद जारी युद्ध विराम समझौते के बीच फलस्तीन का एक बड़ा दावा सामने आया है। जहां फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया इस्राइली ने युद्ध विराम के बीच ड्रोन हमले किए, जिसमें वेस्ट बैंक के एक गांव में कम से कम 10 लोग मारे गए। यह हमला टुबास जिले के तमुन शहर पर हुआ। बता दें कि मामले में फलस्तीनी रेड क्रिसेंट ने पहले कहा था कि हमले में सात लोग मारे गए थे।

**इस्राइली सेना ने जारी किया बयान** : फलस्तीन के बयान के बाद इस्राइली सेना ने भी बयान जारी किया। सेना ने इस हमले को आतंकवाद विरोधी अभियान का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह तमुन के इलाके में एक सशस्त्र आतंकवादी सेल पर किया गया था। साथ ही इस्राइली सेना ने बताया कि इस हमले को एक इस्राइली विमान ने किया, जो सुरक्षा एजेंसी की खुफिया जानकारी पर आधारित था।

### फलस्तीनी अधिकारियों ने की पुष्टि

साथ ही मामले फलस्तीनी अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह हमला ड्रोन द्वारा किया गया था। इसके अलावा फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस्राइल की बढ़ती क्रूरता और कब्जे के खिलाफ संघर्ष कर रहे उनके सेनानियों को मारने का एक प्रयास है।

### कैसे शुरू हुआ युद्ध एक नजर

मामला 7 अक्तूबर 2023 की है। जब हमास ने आधी रात को इस्राइल पर घातक हमले किए। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 अन्य को बंधक बना लिया गया था। इस्राइल पर हमले के दौरान हमास अपने भविष्य और होने वाली दुर्दशा से परे हमले को अंजाम तक पहुंचा रहा था, जिसके बाद इस्राइल ने अपना बदला लेना शुरू किया और हमास के एक-एक हमले का मुह तोड़ जवाब दिया। फलस्वरूप 15 महीनों तक चले इस युद्ध में कई हजार लोगों की जान चली गई वहीं लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर भागना पड़ा।

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों की माने तो 46,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए थे। इसके अलावा गाजा की अनुमानित 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई और मानवीय संकट पैदा हो गया। नवंबर 2023 में हुए एक सप्ताह के संघर्ष विराम के दौरान गाजा से 100 से अधिक बंधकों को रिहा किया गया था।

# देवा' में प्रयास के साथ मेहनत और भावनाएं भी शामिल : शाहिद कपूर



**नई दिल्ली ।** फिल्म इंडस्ट्री को कई सफल फिल्में देने वाले अभिनेता शाहिद कपूर अपने लुक को लेकर बेफिक्र रहते हैं। प्रयोगधर्मी अभिनेता ने अपकमिंग फिल्म ह्यदेवाको ढेरों कोशिशों का नतीजा बताया।

आईएएनएस से खास बातचीत में शाहिद ने कहा, 'देवा' बड़े पर्दे पर देखने वाली फिल्म है। न केवल किरदार, बल्कि फिल्म की दुनिया कुछ ऐसी है जिसका अनुभव थिएटर में ही किया जाना चाहिए। 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज हो रही है, जिसके निर्माण में काफी प्रयास के साथ कड़ी मेहनत और भावनाएं भी शामिल हैं। शाहिद का मानना है कि अपने काम से प्यार करते हैं तो उसके लिए आप हर हाल में तैयार रहते हैं और मेहनत करने से पीछे नहीं हटते हैं। एक्टर ने कहा, अगर आप अपने काम से प्यार करते हैं, तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है और उससे जुड़ी मेहनत भी आसान बन जाती है। आप यह बात समझने लगते हैं।

अभिनेता ने कहा, मैं कहूंगा कि काम को पूरा करने के लिए जो भी करना पड़े, करें। लेकिन मुझे लगता है कि कभी-कभी लोग सोचते हैं कि एक पेशेवर अभिनेता है, तो ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं होती होगी, और ऐसी सोच कुछ अभिनेता भी रखते हैं। लेकिन मैं ऐसी मानसिकता बिल्कुल नहीं रखता। मुझे लगता है कि यह एक काम है और आपको पेशेवर रूप से यह जानना चाहिए कि इसे कैसे करना है।

# तय समय से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहे सात हजार भारतीय छात्र, यूएस संसद में पेश रिपोर्ट में दावा

**वॉशिंगटन ।** भारत से अमेरिका जाकर अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि 2023 में भारत से 7,000 से अधिक छात्र अमेरिका में अपने निर्धारित समय से अधिक समय तक रुके है। यह जानकारी सेंटर फॉर इमिग्रेशन स्टडीज की जेसिका एम वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को दी। उन्होंने बताया कि दुनिया के 32 देशों में छात्र और विनिमय आगंतुकों के अमेरिका में तय समय से अधिक रुकने की दर 20 प्रतिशत से भी ज्यादा है। विशेष रूप से, एफ-1 और एम-1 वीजा धारक, जो शैक्षिक और व्यावसायिक कामो के लिए आते हैं, इनमें सबसे ज्यादा लोग तय समय से अधिक रुकते हैं।



वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को ये भी बताया कि ब्राजील, चीन, कोलंबिया और भारत जैसे देशों में हजारों लोग अपनी वीजा अवधि से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहते हैं और भारत से आने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है, करीब 7,000 से भी ज्यादा। उन्होंने इसके अलावा अमेरिका की आव्रजन नीतियों में सुधार की आवश्यकता की बात की, जिसमें एच-1बी वीजा जैसे कार्यक्रमों में सुधार की भी सिफारिश की गई है।

### वीजा नीति में समायोजन की जरूरत- वॉन

साथ ही वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को बताया कि वीजा जारी करने की नीतियों में समायोजन की जरूरत है और आंतरिक प्रवर्तन को मजबूत करने की भी। इसके अलावा भी उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कई महत्वपूर्ण तरीकों से कानून में संशोधन करना चाहिए।

### छात्र वीजा को लेकर वॉन की सलाह

जेसिका एम वॉन ने अमेरिकी संसद को बताया कि छात्र वीजा आवेदकों पर दोहरे इरादे की अवधारणा लागू नहीं होनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि छात्रों को यह दिखाना चाहिए कि वे अपनी पढ़ाई खत्म करने के बाद अपने देश वापस लौटेंगे, न कि अमेरिका में बसने का इरादा रखें।

**दो साल की अवधी के लिए देना चाहिए ल्ट-1इ वीजा-वॉन**: इसके अलावा, उन्होंने ल्ट-1इ वीजा के लिए एक और सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह वीजा दो साल की अवधि के लिए दिया जाना चाहिए, जिसे चार साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, ग्रीन कार्ड की याचिका के आधार पर स्वचालित वीजा विस्तार नहीं होना चाहिए।

साथ ही वॉन ने यह भी कहा कि हर साल ल्ट-1इ वीजा की संख्या 75,000 या उससे कम होनी चाहिए, जिसमें गैर-लाभकारी और अनुसंधान क्षेत्रों के वीजा भी शामिल हैं।

# पीएम ट्रूडो को कनाडाई आयोग ने दिखाया आईना, खोखले निकले निज्जर मामले में भारत की संलिप्तता के आरोप



**ओटावा ।** कनाडा के एक आयोग ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ है। आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि निज्जर की हत्या में किसी विदेशी संलिप्तता का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। बता दें कि भारत का विदेश मंत्रालय भी कई मौकों पर ट्रूडो के बेबुनियाद आरोपों का पुरजोर खंडन कर चुका है। यह भी दिलचस्प है कि ट्रूडो आंतरिक राजनीति में बढ़ते विरोध के कारण प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं।

'संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच' शीर्षक वाली रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई। रिपोर्ट में आयुक्त मैरी-जोसी हॉग ने कहा कि 'गलत सूचना का इस्तेमाल किसी देश के हितों के विपरीत जाने वाले निर्णयों को दंडित करने के लिए प्रतिशोधात्मक रणनीति के रूप में किया जाता है।' रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत ने निज्जर की हत्या के बारे में गलत सूचना फैलाई।

### जून 2023 में हुई थी निज्जर की हत्या

रिपोर्ट के अनुसार, यह हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संदिग्ध भारतीय संलिप्तता के बारे में पीएम ट्रूडो की घोषणा के बाद चलाए गए गलत सूचना अभियान के मामले में हो सकता है।

# पूर्व अमेरिकी सीनेटर बॉब मेनेंडेच को 11 साल की जेल

## दूसरे देशों से रिश्वत लेने के आरोप में पाए गए थे दोषी

**वॉशिंगटन ।** न्यू जर्सी के पूर्व अमेरिकी सीनेटर बॉब मेनेंडेज को एक न्यायाधीश ने बुधवार को 11 साल की सजा सुनाई। मेनेंडेज के घर से सोने की छड़े और सैकड़ों हजारों डॉलर की नकदी मिली थी। साथ ही उन्हें जबरन वसूली, न्याय में बाधा डालने व मिस्र और कतर से जुड़े व्यापारियों के पक्ष में काम करने के लिए रिश्वत लेने का दोषी ठहराया गया था।





मामल में सजा सुनाने के दौरान जब न्यायाधीश सिडनी स्टीन ने कहा कि कहीं ना कहीं आपने अपना रास्ता खो दिया। इस बात पर मेनेंडेज ने इस फैसले के खिलाफ अपील की कसम खाई और सजा सुनाए जाने से पहले उन्होंने न्यायाधीश से नरमी बरतने की अपील की।

अदालत में रो पड़े मेनेंडेज सुनवाई के बाद न्यायाधीश के फैसले को सुनते ही बॉब मेनेंडेज की आखों से आशु छलक पड़े। उन्होंने रोते हुए मेनेंडेज न्यायाधीश से कहा कि मैं आपसे दया की गुहार लगा रहा हूं। उन्होंने कहा कि ये गुहार मैं अपने लिए नहीं अपने बेटे के लिए लगा रहा हूं।

मेनेंडेज के वकील का तर्क साथ ही सुनवाई के दौरान मेनेंडेज के वकील ने कहा कि उनकी दशकों की सेवा के बावजूद, अब उन्हें 'गोल्ड बार बॉब' के नाम से जाना जाता है, क्योंकि उन्हें रिश्वतखोरी की साजिश और विदेशी एजेंट के रूप में काम करने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि इस मामले को घोर दुर्व्यवहार के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि एक प्रभावशाली सीनेटर ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

### अभियोजकों ने मागी थी 15 साल की सजा

मामले में अभियोजकों ने मेनेंडेज के लिए 15 साल की सजा की मांग की थी, जबकि उनके बचाव पक्ष ने आठ साल से अधिक सजा नहीं देने की अपील की थी। हालांकि मेनेंडेज के साथ के साजिशकर्ता को भी सजा सुनाई गई, और एक अन्य व्यापारी, जोस उरीबे ने रिश्वतखोरी के आरोपों में दोषी ठहराया और जांचकताओं की मदद की।

# विमान हादसे में किसी के भी बचने की उम्मीद नहीं

## नदी के बफीर्ले पानी में पाया गया मलबा, बचाव अभियान जारी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में बुधवार को एक भीषण विमान हादसा हुआ, जिसमें वाशिंगटन के पास रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। इस हादसे में किसी के जिंदा रहने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, हेलीकॉप्टर में मौजूद सेना के तीन जवानों के मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह टक्कर इतना खतरनाक था कि विमान और हेलीकॉप्टर दोनों नदीं में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गुरुवार की सुबह को अधिकारियों ने बताया कि नदी से कोई भी जीवित व्यक्त को बरामद नहीं किया गया है।



**नदी के बफीर्ले पानी में डूबा मिला विमान-हेलीकॉप्टर का मलबा** : अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 5342 में चालक दल के चार सदस्य और 60 यात्री मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा पोटोमैक नदी के बफीर्ले पानी में डूबा हुआ पाया गया। टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के मुताबिक, ह्यअमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई।

इस घटना के बाद स्थानीय समुदाय में दुख की लहर दौड़ गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, यह एक बुरी स्थिति है। ऐसा लग रहा है कि इसे रोका जाना चाहिए था। डीसी मेयर म्यूरियल बोसेर ने बताया कि खोज प्रयासों का उद्देश्य पीड़ितों को बरामद करना है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड दुर्घटना के कारणों की जांच का नेतृत्व करेगा।

डीसी के फायर और ईएमएस प्रमुख जॉन ए डोनेली सीनियर ने उल्लेख किया कि बचाव टीम के लिए स्थिति खतरनाक है।

उन्होंने कहा, पानी आठ फीट गहरा है। बर्फ के कारण बचाव अभियान चलाना मुश्किल हो रहा है। कैनसस एविएशन म्यूजियम ने विमान में सवार 64 लोगों के लिए प्रार्थना के साथ पीड़ितों और उनके परिवार के समर्थन के लिए एक कार्यक्रम की घोषणा की।

# कुरान जलाने वाले इराकी शख्स की मौत

## स्टॉकहोम में गोली मारकर की गई हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**स्टॉकहोम ।** स्वीडन में कुरान की कई प्रतियां जलाने वाले इराकी व्यक्ति की मौत हो गई है, स्टॉकहोम के एक न्यायाधीश ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि वह पास के शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया। 38 वर्षीय सलवान मोमिका ने 2023 में स्वीडन में इस्लाम की पवित्र पुस्तक को जलाने और अपवित्र करने की कई घटनाएं कीं। कुरान जलाने के वीडियो को दुनिया भर में वायरल हुआ और कई मुस्लिम देशों में इसके प्रति गुस्सा देखने को मिली, जिससे कई जगहों पर दंगे हुए।



### गुरुवार को एक मुकदमे में सुनाया जाना था फैसला

स्टॉकहोम जिला न्यायालय ने कहा कि गुरुवार को एक मुकदमे में फैसला सुनाया जाना था जिसमें मोमिका एक प्रतिवादी था, इसलिए उसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि प्रतिवादियों में से एक की मृत्यु हो गई थी। न्यायालय के एक न्यायाधीश गोरान लुंडाहल ने पुष्टि की कि मृतक मोमिका था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मोमिका की मृत्यु कब और कैसे हुई। मोमिका और एक सह-प्रतिवादी पर स्टॉकहोम की अदालत में नस्लीय घृणा भड़काने का आरोप लगाया गया क्योंकि उन्होंने कुरान जलाने के संबंध में बयान दिए थे। गुरुवार सुबह फैसला सुनाया जाना था।

### सोडरतालजे में बुधवार रात हुई गोलीबारी

पुलिस ने बताया कि उन्हें स्टॉकहोम के पास सोडरतालजे में बुधवार रात को गोलीबारी की सूचना मिली थी और उन्हें एक व्यक्ति मिला जिसके शरीर पर गोली लगी थी। थोड़ी देर बाद में उसकी मौत हो गई और हत्या की प्रारंभिक जांच शुरू की गई। प्रसारक एसवीटी ने सूत्रों का नाम लिए बिना बताया कि मृतक सलवान मोमिका था। उन्होंने आगे बताया कि मोमिका 2018 में इराक से स्वीडन आया थी और उसे 2021 में तीन साल का निवास परमिट दिया गया था।

### मामले में कई लोगों को किया गया गिरफ्तार

अभियोजक रासमस ओमान ने स्वीडिश समाचार एजेंसी टीटी को बताया कि इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले कुरान जलाने के मामले में सलवान मोमिका ने तर्क दिया कि उनके विरोध प्रदर्शन का लक्ष्य मुस्लिम लोगों को नहीं बल्कि इस्लाम धर्म को बनाना था। उसने तर्क दिया कि वे स्वीडन की आबादी को कुरान के संदेशों से बचाना चाहते थे। स्वीडिश पुलिस ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए उनके प्रदर्शनों की अनुमति दी, जबकि उनके खिलाफ आरोप दायर किए।

# निष्काम संस्था में ऐंबुलेंस सेवा हुई शामिल

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने हरी झण्डी दिखाकर ऐंबुलेंस को किया रवाना





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरुवार को मोदीनगर की सामाजिक संस्था निष्काम सेवक जत्था समिति में एक नई एम्बुलेंस सेवा भी शामिल हुई। यह ऐंबुलेंस मोदीनगर की टीचर्स कॉलोनी के रहने वाले गुप्ता बंधुओ ने अपने स्वर्गीय पिता राम किशन गुप्ता की स्मृति में निष्काम समिति को भेंट की। गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद से निष्काम की इस ऐंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निष्काम के अध्यक्ष जसमीत सिंह व वरिष्ठ पदाधिकारियों नें नवनियुक्त जिलाधिकारी गाजियाबाद को पुष्पगुच्छ तथा विशेष रूप से निष्काम की समस्त सेवाओं को प्रदर्शित करने वाला स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निष्काम को नयी ऐंबुलेंस की बधाई देते हुए मानवता की राह पर निस्वार्थ सेवा करते रहने की शुभकामनाएँ देते हुए सामाजिक कार्यो की भागीदारी में अपना भी भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिलाया। जसमीत सिंह ने बताया कि यह ऐंबुलेंस सेवा मोदीनगर के लोगों के कष्ट के समय किफायती कीमत पर 24 घंटे उपलब्ध होगी। इस अवसर पर निष्काम के मुख्य सरंक्षक चानन लाल ढींगरा, वरिष्ठ सदस्य जसप्रीत सिंह, ललित सचदेवा, धीरज कालरा, अनुप्रीत कौर, ट्विंकल बतरा, निशिथ बावीशी, रविकांत ठाकुर, जसमिन्दर सिंह, संदीपऑबराय, अनुप्रीत कौर, रिचा शर्मा, अतुल गुसेन, हरसिमर सिंह, गौरव जगपाल, रविन्द्र, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिलाधिकारी, गाजियाबाद दीपक मीणा ने ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी का पैरामीटर पूर्ण हो एवं निरंतर उनकी जांच करते रहें और नियमानुसार सीसीटीवी का बैकअप सुरक्षित रखा जाएं। उन्होने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए विवेक कुमार,



एडीओ निर्वाचन हरीकिशन शर्मा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों सहित मनोज कुमार व नवीन कुमार बहुजन समाज पार्टी, सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी, राजेन्द्र शर्मा कांग्रेस उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों की अध्यक्षता में बैठक आहूत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों मेलाराम पंवार, रमेश कश्यप व प्रमोद सैनी की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान सदस्यों ने राज्य एवं केन्द्र सरकार की संचालित योजनाओं एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण में जनपद के सभी विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। इसके साथ ही उन्होने सभी विभाग में ऑउट सोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग की जातियों का अनुपात के बारे में भी विस्तृत जाकनारी ली। इस दौरान उन्होने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, जिला दिव्यांजन कल्याण विभाग, गाजियाबाद नगर निगम, विद्युत विभाग, प्रोबेशन विभाग, जिला प्रशासन, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों से विभागवार अनुपात की जानकारी ली। उन्होनें सभी विभागों से पिछड़ा वर्ग की जातियों को किस-किस योजना में लाभ प्रदान किया गया है व कितने लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्होनें विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कोलरशिप, शादी अनुदान सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या से अवगत हुए, जिन विभागों द्वारा विवरण नहीं दिये गये उन्हें डीएसडब्लूओ पीयूष राय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होनें सभी विभाग के अधिकारियों को निदेर्शित किया कि विभागीय योजनाओं में पिछड़ावर्ग के लाभार्थियों को किसी भी प्रकार लाभ से वंचित न किया जाएं।

कल्याणकारी योजनाओं को न्याय के साथ धरातल पर उतारा जाएं। पिछड़ा वर्ग के लोगों को कोटे के आधार पर प्राथमिकता दी जाएं। उन्होने कहा कि सभी विभाग श्रेणीवार अपने पास कर्मचारियों को डाटा रखें। 'ओ' लेवल कोर्स का प्रचार-प्रसार किया जाएं।

# इंदिरापुरम में दूसरे दिन भी जोर-शोर से चला निगम का अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु महा अभियान

## निगम अधिकारियों की उपस्थिति में 11 किलोमीटर चला अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को इंदिरापुरम में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहा। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की। यशोदा अस्पताल से लेकर सीआईएसएफ होते हुए डीपीएस स्कूल के बाहर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। निगम ने लगभग 11 किलोमीटर निरंतर अभियान चलाया। वार्ड संख्या-100, वार्ड संख्या-98 और 81 वार्ड के बचे हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। पार्षदों का कहना है गाजियाबाद नगर निगम को जब से इंदिरापुरम हैंडोवर हुआ है तब से क्षेत्र



में विकास की रफ्तार दौड़ रही है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम क्षेत्र में भी लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ कराई गई थी। पार्कों को भी बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट में डीएम दीपक मीणा ने शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट प्रांगण में जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एल/ए विवेक कुमार, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीएमओ डा. अखिलेश मोहन ने किया कुष्ठ रोग अभियान-2025 का शुभारम्भ





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अखिलेश मोहन ने नवजीवन कुष्ठ आश्रम हिण्डन गाजियाबाद में कुष्ठ रोगियों को दवा व फल वितरित करके स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान-2025 का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डा० राजेश तेवतिया जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, नरेन्द्र कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी एवं जिला नाभकीय दल (कुष्ठ रोग) ने कुष्ठ रोग के बारे प्रचार-प्रसार किया और इसके महत्व के बारे में बताया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद में सभी जिला चिकित्सालयों, सा०स्वा०केन्द्र, प्रा०स्वा०केन्द्र एवं अर्बन प्रा०स्वा० केन्द्र पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/सी०एच०ओ० द्वारा जिलाधिकारी महोदय के संदेश सम्बोधन को प्रसारित करते हुए स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान-2025 आरम्भ किया गया।

## पीएम मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आनलाइन करें आवेदन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालन हेतु मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के व्यक्तियों को आच्छादित करने हेतु मत्स्य विभाग के पोर्टल पर दिनांक 01.02.2025 से 15.02.2025 तक परियोजना प्रस्ताव के साथ ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

## यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की परिक्षाऐं होंगी दो पालियों में सम्पन्न

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रजिस्ट्रार/निरीक्षक, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, जवाहर भवन, लखनऊ के द्वारा दिनांक-27.01.2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित अरबी तथा फारसी की मुशी (सेकेण्डरी फारसी), मौलवी (सेकेण्डरी अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी अरबी एवं फारसी), परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षाये दिनांक 17 फरवरी, 2025 से दिनांक 22 फरवरी, 2025 के मध्य सम्पन्न होगी। उल्लेखनीय है कि गुशी / मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), की परीक्षायें प्रथम पाली प्रात: 8 :00 बजे से 11 :00 बजे तक तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षायें द्वितीय पाली अपरान्ह 2 :00 बजे से 5 :00 बजे के मध्य जनपद गाजियाबाद में तीन परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षायें सम्पन्न होगी।

## राजकीय आईटीआई, मुरादनगर में शिशिक्षु मेले का आयोजन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ०प्र०, लखनऊ के अनुसार आज दिनाक 31-01-2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद (स्थित मुरादनगर) में शिशिक्षु मेले का आयोजन किया जायेगा। इस शिशिक्षु मेले में गाजियाबाद एवं एन०सी०आर० क्षेत्र के अधिष्ठानों में आई०टी०आई० उत्तीर्ण / अन्य टैक्नीकल प्रशिक्षार्थियों को शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत चयनित किया जायेगा। शिशिक्षु मेले मे देश की प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है। शिक्षुता मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रो के साथ संस्थान में उपस्थित होकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (गाजियाबाद) मे सम्पर्क कर सकते है। अप्रेन्टिस मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाईट : www.gitighaziabad.co.in पर पंजीकरण करा सकते है, साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु संस्थान में भी पंजीकरण हेतु हैल्प डेस्क स्थापित हैं, जिसके द्वारा अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं।

# जल निगम के पानी में फैल गया संबद्धीकरण का भ्रष्टाचार : वीरेन्द्र सारस्वत

## तबादला नीति में किस कमल ने रख दिया रूल को भी ताक पर, पहुंची मुख्यमंत्री तक शिकायत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश जल निगम के गाजियाबाद वाले जल में अटैचमेंट यानी संबद्धता का भ्रष्टाचार फैल गया है। मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा है और फाइल को दबाने का प्रयास हो रहा है। यह कहना है भाजपा नेता वीरेन्द्र सारस्वत का। सहकारिता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सारस्वत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर शिकायत की है और उन्होंने कहा है कि वह अब इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर भ्रष्टाचार के मामले का खुलासा करेंगे।

भ्रष्टाचार के इस तालाब में कोई पंकज यानी कमल ऐसा है जिसने फूल वालों की सरकार में सारे रूल ताक पर रख दिये। मामला अलग-अलग कर्मचारियों के तबादले से जुड़ा है। बताया जाता है कि तबादला नीति के तहत कई कर्मचारियों का तबादला हो गया था, लेकिन विभाग के बड़े अधिकारी ने नियमों को ताक पर रखकर इन्हीं कर्मचारियों संबद्ध कर दिया। अब सवाल ये उठ रहा है कि अगर स्टाफ की कमी दिखाकर संबद्ध किया है तो फिर तबादला ही क्यों किया गया। बताया जाता है कि इस पूरे मामले में विभाग के मुख्य अभियंता की कार्यशैली पर भी सवाल उठ गया है। मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा है और अब इस मामले में नया मोड आ सकता है। इस मामले में मुख्य अभियंता के पास इसी जनवरी महीने की चार तारीख को शिकायत भी की गई थी जिसमें बताया गया था कि क्षेत्रीय मुख्य अभियंता आर के पंकज, गाजियाबाद क्षेत्र जल निगम-नगरीय द्वारा मनमाने





तरीके से संबद्धीकरण किये गये हैं। इससे पहले नवंबर के महीने में और फिर सितंबर और अगस्त महीने में भी शिकायत की गई थी। मामला 24 दिसंबर को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आ गया है।

### सहायक अभियंता और अवर अभियंता का संबद्धीकरण हुआ इस तरह से

करंट क्राइम। वीरेन्द्र सारस्वत ने मुख्यमंत्री को भेजी अपनी शिकायत में कहा कि जिन लोगों को तबादला नीति के बाद भी संबद्ध किया गया है उनकी संख्या दस है। उन सभी का पूरा ब्योरा मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत में भी हुआ है।

दर्शन सिंह सहायक अभियंता निर्माण खंड बागपत का संबंधीकरण निर्माण खंड बुलंदशहर किया हुआ है। अवधेश शर्मा सहायक अभियंता निर्माण खंड मेरठ का स्थानांतरण दिल्ली जल संपूर्ति रखरखाव इकाई गाजियाबाद हो जाने के बाद संबंधीकरण निर्माण खंड मेरठ में किया गया है। रविकान्त सहायक अभियंता निर्माण खंड मुरादाबाद का संबंधीकरण निर्माण खंड बागपत किया गया है। शिवकुमार जूनियर इंजीनियर दिल्ली जल संपूर्ती रखरखाव इकाई गाजियाबाद का स्थानांतरण मुख्य अभियंता कार्यालय गाजियाबाद क्षेत्र गाजियाबाद में हो जाने के बाद संबंधीकरण निर्माण खंड प्रथम गाजियाबाद किया गया है।

बबलू कुमार जूनियर इंजीनियर निर्माण खंड विद्युत यांत्रिक गाजियाबाद का स्थानांतरण निर्माण खंड विद्युत यांत्रिक सहारनपुर हो जाने के बाद संबंधीकरण निर्माण खंड विद्युत यांत्रिक गाजियाबाद पुनः किया गया है।

अंजीत कुमार जूनियर इंजीनियर निर्माण खंड प्रथम गाजियाबाद का स्थानांतरण निर्माण खंड मुरादाबाद हो जाने के बाद संबंधीकरण गंगाजल परियोजना इकाई गाजियाबाद किया गया है।

अमित कुमार जूनियर इंजीनियर निर्माण खंड मुरादाबाद का स्थानांतरण गंगाजल परियोजना इकाई गाजियाबाद में हो जाने के बाद संबंधीकरण निर्माण खंड मुरादाबाद पुनः किया गया है।

ताहिर रजा अंसारी जूनियर इंजीनियर निर्माण खंड मेरठ का स्थानांतरण दिल्ली जल संपूर्ति रखरखाव इकाई गाजियाबाद में हो जाने के बाद संबंधीकरण निर्माण खंड मेरठ पुनः किया गया है।

गजेंद्र प्रताप सिंह जूनियर इंजीनियर निर्माण मंडल मेरठ का संबंधीकरण निर्माण खंड मेरठ में किया गया है।

मोहम्मद अहसान जूनियर इंजीनियर निर्माण खंड मुरादाबाद का स्थानांतरण दिल्ली जल संपूर्ति रखरखाव इकाई गाजियाबाद में हो जाने के बाद संबंधीकरण निर्माण खंड मुरादाबाद पुनः किया गया है।

दैनिक करंट क्राइम
पोस्ट ऑफ द डे
SOCIAL MEDIA




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक सामान्य व्यक्ति के लिए छोटी छोटी खुशियों में ही पूरा संसार होता है। मिंटू गौतम ने अपनी हैप्पी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का पड़ाव सफलता पूर्वक पूरा किया। एक नई बाइक की खुशी भी मिली। मिंटू गौतम ने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 13.15 करोड़ के मादक पदार्थ भट्टी में जलाए

## अफीम दवा निर्माण के लिए भेजी गई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में तीनों जोन के 240 मुकदमों से जुड़े करीब 2232 किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया। इन मादक पदार्थों की कीमत लगभग 13.15 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 25 जनवरी से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत तीनों जोन में डीसीपी के नेतृत्व में ड्रग डिस्पोजल कमेटी का गठन किया गया। नगर जोन से 239.5 किलो गांजा और 1.25 किलो चरस, ग्रामीण जोन से 922.8 किलो गांजा, 824.9 किलो डोडा, 22.8 किलो चरस और 0.13 किलो हीरोइन का निस्तारण किया गया। वहीं, ट्रांस हिंडन जोन से 187.3 किलो गांजा, 1.72 किलो चरस, 26.5 किलो डोडा, 0.027 किलो हीरोइन और 3.089 किलो नशीले पाउडर को नष्ट किया गया। विशेष रूप से, ट्रांस हिंडन जोन



की कमेटी ने 2.04 किलो अफीम को दवा निर्माण के लिए सरकारी अफीम कारखाना गाजीपुर में भेजा। शेष सभी मादक पदार्थों को एमजी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एनवायरन वेस्ट कनेक्शन प्लांट की भट्टी में जलाकर नष्ट किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि यह मादक पदार्थ लंबे समय से थानों के मालखानों में जमा थे, जिनका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है।

# एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने जीती छात्रवृत्ति

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के दो मेधावी छात्रों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र अमनदीप शर्मा और जितेश कुमार ने ग्रॉज टूल्स इंजीनियरिंग (प्रा.) लिमिटेड की प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति. प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। ग्रॉज टूल्स इंजीनियरिंग (प्रा.) लिमिटेड. औद्योगिक और भारी उपकरण निर्माण में अग्रणी कंपनी है और कंपनी ने अपने मेरिट छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत यह सम्मान प्रदान किया है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अजय रावत (जीएम क्वालिटी) और हिमांशु शंकर (कॉर्पोरेट




एचआरबीपी) ने कॉलेज परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में इन छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि के चेक सौंपे। यह सम्मान उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया।

इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रवि शंकर रमन ने कहा यह हमारे छात्रों और संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। अमनदीप और जितेश ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

**शोक-संदेश**



स्व० श्री मुकेश सिंघल

मान्यवर,
अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, हमारे पूज्य पिताजी श्री मुकेश सिंघल जी का सोमवार 20 जनवरी 2025 को स्वर्गवास हो गया है,

उनकी अरिष्टी (तेहरवीं) का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :-

शुक्रवार 31 जनवरी 2025

रस्म पगड़ी (श्रद्धांजलि सभा)......अपराह्न 03.00 बजे

स्थान : रामलीला मैदान ऑडीटोरियम कविनगर, गाजियाबाद

**शोकाकुल परिवार**

सत्यप्रकाश सिंघल (चाचा), वेदप्रकाश सिंघल (चाचा)
दिनेश (भाई), अमूल (भाई), नवीन (भाई), अमन (भाई)
जतिन अग्रवाल (पुत्र), जय अग्रवाल (पुत्र)

Mob. : 88022 97838, 97111 29373